इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## देश में गर्मी का कहर, चूरू-सिरसा में पारे ने लगाया अर्धशतक, कई जगह तापमान 50 तक पहुंचने को बेताब



नई दिल्ली। उत्तर और मध्य भारत में गर्मी का कहर जारी है। इन क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मंगलवार को भीषण गर्मी की चपेट में रहा। राजस्थान के चूरू और हरियाणा के सिरसा में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में पारा इस मौसम के सामान्य से नौ डिग्री ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में कम से कम तीन मौसम केंद्रों ने अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया। मुंगेशपुर और नरेला में 49.9 डिग्री और नजफगढ़ में 49.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह इस सीजन में राजधानी में दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि कम से कम अगले दो दिनों तक लू की स्थिति से राहत नहीं मिलने वाली है। गुरुवार को भारत के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के आसार हैं, जिससे सप्ताह के अंत में छिटपुट बारिश हो सकती है।

### बनी रही लू की स्थिति

इससे पहले आईएमडी ने बताया कि आज राजस्थान, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली के अधिकांश हिस्सों, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कई हिस्सों, बिहार और हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में लू से लेकर गंभीर लू की स्थिति बनी रही। विदर्भ के कई इलाकों, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों और उत्तराखंड-छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में भी लू की स्थिति बनी रही।

### चुरू देश का सबसे गर्म स्थान

राजस्थान में चुरू देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 50.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके बाद हरियाणा में सिरसा-एडब्ल्यूएस (50.3), मुंगेशपुर और नरेला (49.9), नजफगढ़ (49.8), सिरसा (49.5), राजस्थान में गंगानगर ( 49.4), राजस्थान में पिलानी और फलोदी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महानगरों में रातें भी गर्म

गर्मी के दिनों में देश के कई महानगरों में रातें भी गर्म हो रही हैं। देश के प्रमुख महानगरों के तापमान सूचकांक (एचआई) में 2010 के बाद से काफी बढ़ोतरी देखी गई है। इसके पीछे सबसे अहम कारण शहरों में तेजी से बढ़ता निर्माण कार्य, ग्लोबल वार्मिंग के साथ साथ हवा में बढ़ती नमी है। इन सभी कारणों ने शहरी इलाकों का तापमान सूचकांक बढ़ा दिया है। वहीं, एयर कंडीशनर के बढ़ते उपयोग से भी शहरों की हवा गर्म होती जा रही है।

### बिजली की खपत बढ़ी

देश की बिजली की डिमांड बढ़कर 239.96 गीगावॉट हो गई है, जो इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में पावर डिमांड बढ़कर पिछले साल के ऑल टाइम हाई 243.27 जीडब्ल्यू को पार कर जाएगी।

## टीएमसी और सुशासन का कोई संबंध नहीं है- मोदी



मोदी ने कोलकाता में शोड शो किया

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले अंतिम सातवें चरण के मतदान से पहले मंगलवार शाम को सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता में अपना पहला और आखिरी रोड शो किया। रोड शो फाइव-पॉइंट क्रॉसिंग (श्यामबाजार) में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से शुरू हुआ और मध्य कोलकाता में शिमला स्ट्रीट पर स्वामी विवेकानंद के पैतृक घर पर समाप्त हुआ।

श्री मोदी ने रोड शो शुरू करने से पहले बागबाजार में मदर हाउस में प्रार्थना की। उन्होंने रामकृष्ण परमहंस, मां सारदा और स्वामी विवेकानंद के चित्रों के सामने सिर झुकाया और आश्रम में भिक्षुओं से आशीर्वाद लिया। इसके बाद श्री मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर एक खुले वाहन पर सवार होकर रोड शो शुरू किया। वाहन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और कोलकाता उत्तर के पार्टी उम्मीदवार तापस रॉय और दम दम लोकसभा सीट के सिलभद्र दत्ता सवार थे। दो किलोमीटर लंबे रोड शो में एक घंटे से अधिक का समय लगा। लाखों लोग बिधान सारणी की सड़क पर खड़े थे और उन्होंने काफिले पर पंखुड़ियां फेंकी और मोदी के पोस्टर दिखाते हुए हाथ लहराए।

श्री मोदी लगातार हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। रोड शो के लिए कड़ी सुरक्षा की गयी थी। इससे पहले दिन में श्री मोदी ने बारासात में भाजपा उम्मीदवारों स्वपन मजूमदार और बशीरहाट सीट की रेखा पात्रा के लिए के लिए जनसभा की। उन्होंने जादवपुर से पार्टी उम्मीदवार अनिर्बान गांगुली और कोलकाता दक्षिण से देबाश्री चौधरी के लिए बारुईपुर में भी जनसभा की। प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना की और कहा कि इसका सुशासन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार 'वोट बैंक की राजनीति' के इर्द-गिर्द घूमती अपनी राजनीति के साथ 'भ्रष्ट पारिस्थितिकी तंत्र' को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, टीएमसी और सुशासन का कोई संबंध नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जी मीडिया ग्रुप पंजाब में बैन, मान सरकार ने चैनल के प्रसारण पर लगाई रोक



चंडीगढ़। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने मंगलवार को सूबे में जी मीडिया ग्रुप के चैनलों के प्रसारण पर रोक लगा दिया। हालांकि मान सरकार ने इस फैसले को लेकर कोई औपचारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। ये रोक जी मीडिया के हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी समेत सभी क्षेत्रीय भाषाओं के चैनलों पर लगाई गई हैं।

### सूबे के मंत्री का वीडियो दिखाने पर लिया फैसला

जानकारों की माने तो मान सरकार में मंत्री बलकार सिंह का 21 साल की लड़की के साथ का आपत्तिजनक वीडियो इस मीडिया संस्थान ने अपने चैनल पर दिखाया था। जिसके बाद मान सरकार ने चैनल पर रोक लगाने का फैसला किया। वहीं, चैनल के प्रसारण पर रोक लगाने की खबर पर विपक्ष ने मान सरकार को घेरने के साथ ही लोकत्रंत पर हमला बोला और इसकी तुलना आपातकाल से की।

### मीडिया ग्रुप की भी प्रतिक्रिया आई सामने

इस पूरे प्रकरण में मीडिया संस्थान का कहना है कि कई लोगों की शिकायतें आ रही हैं कि वो अपने घर में जी मीडिया के चैनल नहीं देख पा रहे हैं। जी के रिपोर्टर ने संस्थान को बताया कि सरकार में कोई भी इस संबंध में कोई जवाब नहीं दे रहा है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिया गठबंधन की सरकार में जीएसटी मुक्त होगा खेती का सामान : खड़गे



अमृतसर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही खेती के हर सामान को वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) से मुक्त किया जायेगा। श्री खड़गे कांग्रेस के अमृतसर से लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला के पक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पंजाब के युवाओं में मायूसी और निराशा है। नशा पंजाब के भविष्य के लिये सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। लोग रोजगार के लिये पंजाब से मजबूरन पलायन कर रहे हैं। यही वजह है कि गांव के गांव खाली हो रहे हैं, क्योंकि लोग चाहते हैं कि उनकी संतानें नशे की लत में न पड़े।

उन्होंने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी ने पंजाब के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हमारी सरकार आयेगी तो हम इस प्रक्रिया को आसान करेंगे और छोटे उद्योगों की मदद करेंगे। पंजाब के किसानों को भी खेती से जुड़े सामानों पर जीएसटी नहीं देनी पड़ेगी। पंजाब और हरियाणा के किसान कम जमीन पर भी इतना अनाज उगाते हैं, जिससे देश के अनाज भंडार भरे रहते हैं, लेकिन जब अपनी मांगों को लेकर किसान आंदोलन पर बैठे, तो मोदी सरकार ने उन्हें बहुत तकलीफ पहुंचाई और उनकी बात भी नहीं सुनी। किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गये, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से व्यापारियों को जांच एजेंसियों द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है, हमारी सरकार इन परेशानियों को खत्म करेगी। श्री खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर छह गारंटी दी जायेंगी, जिसमें युवाओं को पक्की नौकरी, हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपये, श्रमिकों को न्यूनतम 400 रुपये की दैनिक मजदूरी देंगे, किसानों को कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देंगे और कर्ज माफ होंगे, 10 किलोग्राम मुफ्त अनाज देंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बेमेतरा ब्लास्ट पर पूर्व सीएम ने बीजेपी सरकार से किए 5 सवालः भूपेश बोले- किसको सरंक्षण देने अब तक नहीं हुई एफआईआर



रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिला के ग्राम पिरदा स्थित फैक्टरी में ब्लास्ट को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर सवाल उठाया है। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि बेमेतरा ब्लास्ट, किसकी गारंटी और किसके सुशासन में गुनेहगारों को संरक्षण दिया जा रहा है? सत्ता के किस करीबी को बचाने का प्रयास जवाब तो देना होगा। बघेल ने पांच सवाल किया है। साथ ही उसका जवाब भी मांगा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किया पांच सवाल

0 48 घंटे बाद भी घटना की अब तक एफआईआर क्यों नहीं?
0 क्या प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन से पूछा है कि घटना वाले दिन कितने मजदूर वहां काम पर गए थे?
0 अब तक कितने मजदूर लापता हैं क्योंकि प्रशासन के 8 लोगों के दावे को तो ग्रामीण नकार रहे हैं।
0 क्षमता से अधिक रखी विस्फोटक सामग्री को क्यों निकाला जा रहा है? जाँच में विस्फोटक सामग्री की क्या मात्रा दर्ज की जाएगी?
0 प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को जो मुआवज़ा देने की घोषणा की है उसे तो लेने से ग्रामीणों ने इनकार कर दिया है। क्या प्रशासन मुआवजा बढ़ाएगा?

## छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कालेजों में हैं 1,910 सीटें, नए सत्र में प्रवेश लेने मान्यता मिलने का इंतजार



रायपुर। छत्तीसगढ़ के 10 मेडिकल कालेजों को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए मान्यता मिलने का इंतजार है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की तरफ से हर वर्ष मेडिकल कालेजों को लेटर आफ परमिशन (एलओपी) दी जाती है। सात शासकीय और तीन निजी मेडिकल कालेजों को अभी तक एलओपी नहीं मिली है।

कालेज प्रबंधन को अनुमान है कि मई के अंतिम सप्ताह तक एनएमसी की तरफ से एलओपी मिल जाएगी। इससे एमबीबीएस की 1,910 सीटों में प्रवेश का रास्ता खुल जाएगा। वहीं जगदलपुर, कांकेर और रायगढ़ मेडिकल कालेजों को मान्यता मिल चुकी है। यहां पर 350 सीटें हैं।

जगदलपुर और कांकेर मेडिकल कालेज में 125-125 सीटें हैं और रायगढ़ मेडिकल कालेज में 100 एमबीबीएस की सीटें हैं। मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा पांच मई हो चुकी है। परीक्षा परिणाम भी संभावित 14 जून को आ जाएगा। परीक्षा परिणाम आने से पहले इन कालेजों को भी मान्यता मिलने की संभावना है।

इसके बाद ही सीटें निर्धारित होती है। सीटें निर्धारित होने के बाद ही काउंसिलिंग में शामिल होती है। रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कालेज को 230, दुर्ग 200, सिम्स बिलासपुर 180, अंबिकापुर 125, राजनांदगांव 125, कोरबा 125, महासमुंद 125 तथा निजी कालेजों में बालाजी, रिम्स रायपुर व शंकराचार्य भिलाई को एलओपी का इंतजार है। एलओपी आने पर ही इन कालेजों में नए सत्र में प्रवेश होंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुशासन पर सियासतः बीजेपी के कार्टून पर उमेश पटेल का निशाना, 'मेरी सलाह है बीजेपी वाले थोड़ा स्टडी कर ले'




रायपुर (दावा)। पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने झीरम मामले की जांच को लेकर दिए गये बयान जांच के लिए 'भाजपा सरकार से उम्मीद है' पर भाजपा आईटी सेल ने कार्टून बना कर सोशल मीडिया में वायरल किया है। भाजपा के कार्टून में उमेश पटेल के बयान को दर्शाते हुए कहा कि विष्णु के सुशासन पर सब को विश्वास है।

इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के आई टी सेल वालो को यही कहूंगा कि पहले थोड़ा स्टडी कर लेना चाहिए था कि मैंने क्या कहा है। मैंने यह कहा था कि जांच में आने वाली सभी अड़चन को हमने दूर कर दिया है। ऐसे में अब नई सरकार से उम्मीद है कि जांच कार्रवाई आगे बढ़ाई जायेगी। सरकार से उम्मीद रखना गलत नहीं है, वहीं मैंने यह नहीं कहा था कि विश्वास है।

## समलैंगिकों के बारे में गलत बोल गए पोप फ्रांसिस, अब मांगनी पड़ी माफी



एपी, वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक पादरियों पर कैथोलिक चर्च के प्रतिबंध की पुष्टि करने के लिए समलैंगिकों के बारे में अभद्र शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मंगलवार को माफी मांगी। पोप द्वारा सार्वजनिक माफी जारी करना काफी दुर्लभ है। गत 20 कई को इतालवी पदारियों को दिए निर्देशों के दौरान पोप ने अभद्र शब्द का प्रयोग किया था।

वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने बताया कि पोप का समलैंगिकता विरोधी शब्दों का प्रयोग करने का इरादा नहीं था और इस शब्द के प्रयोग से आहत होने वाले लोगों से माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि फ्रांसिस इतालवी मीडिया की रिपोर्ट से वाकिफ हैं और अर्जेंटीनी पोप ने लंबे समय से कैथोलिक चर्चों में सभी के लिए जगह होने की बात पर जोर दिया है। हालांकि पोप फ्रांसिस को समलैंगिकों की कैथोलिक चर्चों में प्रवेश देने के लिए जाना जाता है।

बता दें कि इतालवी फ्रांसिस की मातृभाषा नहीं है और पोप ने कई बार भाषायी गलतियां की हैं। 87 वर्षीय अर्जेंटीनी पोप अक्सर मजाक में अपशब्दों का प्रयोग करते हैं ।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने ई-वे बिल पर दी जा रही छूट को किया खत्म, 50 हजार से अधिक के सामान पर होगा जरूरी




रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशों के बाद वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग ने ई-वे बिल पर दी जा रही छूट को खत्म कर दिया है। अब 50 हजार या इससे अधिक के सामान परिवहन पर एक जिले से दूसरे जिलों में ई-वे बिल की अनिवार्यता लागू होगी। इससे पहले कांग्रेस सरकार ने राज्य के भीतर सामानों के परिवहन पर ई-वे बिल की अनिवार्यता लागू नहीं की थी। ई-वे बिल को केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2018 को लागू किया है।

वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिलों के भीतर भी ई-वे बिल लागू होने से टैक्स चोरी रूकेगी वहीं, सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। देश के कई राज्यों में यह व्यवस्था पहले से लागू थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने इसे लागू नहीं किया था। मध्य प्रदेश में 2022 से ही जिलों के भीतर जांच की व्यवस्था लागू हो चुकी है। वाणिज्यिक कर विभाग ने व्यापारियों को दी जा रही छूट के संबंध में 24 मई को अधिसूचना जारी कर दी है।

### बोगस बिल के फर्जीवाड़े पर लगेगा लगाम

2018 से 2023 तक प्रदेश में करोड़ों रुपये के बोगस बिल के मामले सामने आएं। केंद्रीय जीएसटी ने कई ठिकानों पर दबिश दी थी। फर्जीवाड़े का तार महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश व ओडिशा से भी जुड़ा। जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिलों के भीतर अब जांच-पड़ताल में कर अपवंचन रूकेगा। 50 हजार से अधिक के सामानों के परिवहन पर ई-वे बिल नहीं होने की स्थिति में डीलर या व्यवसायी को रिकार्ड प्रस्तुत करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स ने पत्र के माध्यम से प्रदेश के वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि ई-वे बिल से संबंधित अधिसूचना पूर्ववत रखी जाए।

### डीलरों को सामान के साथ ई-वे बिल रखना अनिवार्य

ई-वे बिल का पूरा नाम इलेक्ट्रानिक वे-बिल है। जीएसटी ई-वे बिल वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली के हिस्से के रूप में जाना जाता है। परिवहन किए जाने वाले माल को ट्रैक करने के लिए प्रमुख दस्तावेज है। वर्तमान में ई-वे बिल जीएसटी पोर्टल पर आनलाइन प्राप्त किया जा सकता है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चक्रवाती तूफान 'रेमल' का कहर जारी, मिजोरम में पत्थर की खदान ढहने से 17 की मौत, कई लापता



आइजल। मिजोरम में चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण हो रही भारी बारिश के बीच आइजल जिले में मंगलवार सुबह पत्थर की खदान ढह जाने से दो बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हो गई। छह-सात अन्य लापता हो गए। घटनास्थल से दो लोगों को बचाया गया है। इस दुर्घटना शोक जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर पोस्ट किया, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मिजोरम के पुलिस महानिदेशक अनिल शुक्ला ने कहा, हमने 17 शव बरामद किए हैं। आशंका है कि छह- सात और लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। भारी बारिश के कारण बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है।

### आईजल का संपर्क कटा

पुलिस ने बताया कि बारिश से राज्य में कई अन्य स्थानों पर भी भूस्खलन हुआ है। आइजल के सेलम वेंग में भूस्खलन से इमारत ढह गई। इस घटना में तीन लोग लापता हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन से आइजल का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क कट गया है। सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। आवश्यक सेवाओं से संबंधित कर्मचारियों को छोड़कर सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है। आइजल शहर में, कुछ कब्रिस्तान भी भूस्खलन से बह गए हैं। 150 से अधिक कब्रें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### मुख्यमंत्री ने की अनुग्रह राशि की घोषणा

राज्य के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के. सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा के साथ आपात बैठक की। मुख्यमंत्री ने बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। सरकार ने चक्रवात प्रभावित बारिश संबंधी आपदाओं से निपटने के लिए 15 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं।

### असम में भारी बारिश से दो की मौत

असम में चक्रवात रेमल के प्रभाव के कारण तेज हवाओं के साथ हुई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बसंतपुर रोड में कचरे से जाम व गंदगी से बजबजाता नाले की बदबू जिला अस्पताल तक

## डॉक्टरों को नाक-भौ सिकोड़ कर बैठे रहना पड़ रहा कक्ष में, प्रदूषित हो रहा आसपास का वातावरण

राजनांदगांव (दावा)। बारिश के पूर्व नगर निगम द्वारा शहर के बड़े नाले-नालियों की सफाई पोल इन दृश्यों से खुलती नजर आ रही है। दैनिक दावा ने 28 मई के अंक में 'बारिश सिर पर बारिश... कचरा -गंदगी से बजबजा रहा नाला' शीर्षक से नंदई चौक के समीप के मुक्कड़ के पास बजबजाते नाला व सुनार पारा क्षेत्र के गंदगी से भरे नाले का सचित्र प्रकाशन किया था। जबकि निगम के अफसरों द्वारा कहा जा रहा है कि बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े-नाले नालियों की सफाई का कार्य फरवरी माह से चालू कर दिया गया है।

आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला -सफाई मेनुवल व जेसीबी के माध्यम से कर रहे ह। इसके साथ ही कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। तो क्या यह सभी कार्य केवल कागजों में हो रहा है? यदि शहर के बड़े नाले-नालियों की सफाई की गई होती तो कचरे गंदगी से भरे ये बजबजाते हुए नाले-नालियों का चित्र इस तरह बयां नहीं करते।





बहरहाल निगम द्वारा बारिश के पूर्व गंदगी से भरे बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य केवल कहने-बताने के लिए ही ठीक लग रहा है। वस्तुस्थिति से साम्य नहीं बैठ रहा।

### अस्पताल के सामने का बजबजाता नाला

बता दे कि जिला चिकित्सालय के सामने का बड़ा नाले की कई महिनों से साफ-सफाई नहीं हुई है। राजीव नगर बसंतपुर की ओर आने वाला यह नाला अपने आप में टनों कचरे-गंदगी वाला गाद समेटे रहता है। इसका काला गंदा व बदबूदार पानी संडाध मारते रहता है। जिससे आसपास का वातावरण दुर्गन्धमय बना रहता है। चूंकि जिला अस्पताल नजदीक है इससे इस गंदे नाले के बदबू की धमक अस्पताल तक बनी रहती है। नाले की भयंकर रूप से उठने वाली बदबू से यहां आने वाले मरीज व डाक्टर भी परेशान है।

### डॉक्टर के कक्ष तक बदबू

जिला चिकित्सालय में आयुर्वेदिक अस्पताल के ठीक पीछे पड़ने वाले इस नाले की बदबू सीधे डाक्टर के कक्ष तक प्रवेश कर जाती है। मंगलवार को अपनी श्रीमती के इलाज के लिए पहुंचे शहर के एक समाजसेवी नागरिक ने डाक्टर के कक्ष में आने वाली बदबू की ओर ईशारा किया। इस पर डाक्टर ने यह सब सहनेकी मजबूरी बताई। उन्होंने उक्त नाले से उठने वाली भयंकर बदबू के साथ-साथ अस्पताल परिसर का समूचित रूप से साफ-सफाई नहीं होना भी बताया जिसके चलते बाहर की बदबू कुलर के माध्यम से खींच कर अन्दर प्रवेश कर जाती है जिसे सहना उनकी मजबूरी बताया। बता दे कि राजीव नगर बसंतपुर वार्ड पार्षद ने इस गंदे नाले का संकुचित साफ-सफाई की मांग की है ताकि बारिश के दिनों में नाला का गंदा पानी अस्पताल में प्रवेश न कर सके। फिलहाल जिला चिकित्सालय के समीप वाले इस बजबजाते नाले की सफाई सर्वाधिक जरूरी है। ताकि इससे उठने वाली असहनीय बदबू से डाक्टरो व मरीजों को बचाया जा सके।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल, घटना से परिजनों का बुरा हाल

दुर्ग (दावा)। दुर्ग के नेवई थाना क्षेत्र में दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों मोटर साइकिल में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।




नेवई थाना क्षेत्र के उमरपोटी मार्ग में बीती रात कैंप-1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा और उसका साथी दिलीप निषाद के साथ उमरपोटी से लौट रहा था । इस दौरान मरोदा का रहने वाला जीतू निषाद अपने दो साथियों के साथ मोटर साइकिल में उमरपोटी की ओर जा रहा था। दोनो मोटर साइकिल के बीच जबरदस्त टक्कर हुई जिसमे सभी लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलने पर नेवई थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी को अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने 3 लोगो की मृत घोषित कर दिया वही दो लोगो का इलाज जारी है।

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि दो बाइक आपस में टक्कर हुई है जिसमे एक बाइक में सवार कैंप -1 शास्त्री नगर निवासी खिलेश कुमार सिन्हा व दिलीप निषाद तथा दूसरे मोटर साइकिल में सवार मरोदा निवासी जीतू कुमार निषाद की मौत हो गई है। मृतक जीतू निषाद के साथ मोटर साइकिल पर दो अन्य युवक बैठे थे जो घायल हैं तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। बहरहाल नेवई पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर तहकीकात कर रही है।

# अवैध शराब विक्रेता से 22.500 बल्क लीटर मदिरा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के चंद्रगिरी मातेकटा में प्रकाश सिन्हा के कब्जे से 22.500 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री महाराष्ट्र निर्मित जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्ज्वल कुमार सूत्रधार एवं आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक जर्नादन पाण्डेय शामिल थे। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# लारेंस हो या फारेंस बिश्नोई, छत्तीसगढ़ में ऐसे लोग बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, शूटरों की गिरफ्तारी के बाद बोले डिप्टी सीएम विजय शर्मा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बड़े कारोबारियों की हत्या करने की योजना बनाकर रायपुर पहुंचे अंतरराष्ट्रीय लारेंस बिश्नोई गैंग के शूटरों के पकड़े जाने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है।



उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि लारेंस बिश्नोई हो या फारेंस बिश्नोई। छत्तीसगढ़ में ऐसे लोग बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ऐसे लोगों को ठोका जाएगा। रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने कुख्यात गैंगस्टर लारेंस विश्नोई और झारखंड के अमन साहू गैंग के चार शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को छत्तीसगढ़ और झारखंड के दो बड़े कोयला कारोबारियों की हत्या की सुपारी मिली थी। 10 दिनों तक रेकी के बाद इन्होंने 27 मई को हत्या करने की योजना बनाई थी। इसके लिए तीन शूटर रायपुर पहुंच गए थे, जिन्हें दबोच लिया गया। एक शूटर को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों को दो जून तक रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। रविवार को रायपुर रेंज के आइजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि अमन साहू गैंग की ओर से रायपुर के कारोबारी को रंगदारी नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी गई थी। कारोबारी ने इसकी शिकायत पुलिस में की थी। इसके बाद 72 घंटे चले आपरेशन में पुलिस ने बोकारो थाना चास, जिला बोकारो, झारखंड निवासी रोहित स्वर्णकार, ग्राम सारन जिला पाली, राजस्थान निवासी मुकेश कुमार, यहीं के देवेन्द्र सिंह और पप्पू सिंह उर्फ पप्सा को पकड़ा। आरोपितों के खिलाफ पूर्व में भी मामले दर्ज हैं। बालीबुड एक्टर सलमान खान के घर भी इसी गैंग के लोगों ने पूर्व में फायरिंग की थी। रायपुर में वारदात के लिए पिस्टल इंदौर से आई थी। यहां इन्हें कारोबारियों पर पूरी मैगजीन खाली करने का आदेश था। काम पूरा होने के बाद साढ़े चार लाख रुपये दिए जाने थे।

### मई को करने वाले थे वारदात, इंदौर से आई थी पिस्टल

रंगदारी की रकम नहीं देने पर करते थे हमला शातिर अपराधी जिन बड़े कारोबारियों को मारने आए थे, उनमें रायपुर का रोड ठेकेदार और रायगढ़ का कोयला कारोबारी है। इसकी रंगदारी अमन साहू गैंग ने मांगी थी। रंगदारी की रकम पूरी नहीं मलने पर चारों शूटर हत्या करने यहां आए थे।

# जून से भरे जाएंगे छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं और 12वीं के सप्लीमेंट्री फार्म, जानें कब से होगी परीक्षा



### आवेदन की संख्या

**कक्षा 10वीं**
पुनर्गणना 1,483
पुनर्मूल्यांकन 10,756
उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति 1,115

**कक्षा 12वीं**
पुनर्गणना 2,242
पुनर्मूल्यांकन 20,955
उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति 2,186

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं पूरक परीक्षा के लिए आवेदन अगले माह जून से शुरू हो जाएगी। वहीं परीक्षा जून में ही आयोजित करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार 10वीं बोर्ड परीक्षा में 19,012 छात्र पूरक परीक्षा के लिए पात्र है। वहीं 12वीं में 22,232 छात्रों पर पूरक लगा है। माशिमं के मापदंड के मुताबिक एक या दो विषय में पूरक परीक्षा की पात्रता देते है।

दूसरी ओर अन्य सालों की तरह इस बार पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के लिए ज्यादा फार्म आए हैं। इस बार 30 हजार से अधिक आवेदन आए हैं। जबकि यह आंकड़ा पिछले साल की अपेक्षा 10 हजार से ज्यादा है। वहीं सबसे ज्यादा आवेदन पुर्नमूल्यांकन के लिए मिले है। इधर, रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों को पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन, उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति के लिए 24 मई तक आवेदन करने का समय दिया था।

### उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो लोगों से

माशिमं ने पहले से ही निर्देश जारी किया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा कराया जाएगा। दोनों मूल्यांकनकर्ताओं के दिए अंकों के औसत पूर्व में प्राप्त अंकों से 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि होने पर ही अंकों में वृद्धि मान्य होगी। माशिमं सचिव पुष्पा साहू ने कहा, 10वीं और 12वीं के पूरक परीक्षाओं के लिए जल्द ही आवेदन मंगाया जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन का कार्य दो लोगों से कराई जाएगी।

# युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। तुमडीबोड चौकी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में चौकी तुमडीबोड़ के अपराध क्र. 228/2024 धारा 376(2) (एन), 294,323, 506 भादंवि के प्रकरण की पीड़िता ने चौकी तुमडीबोड़ आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी काम करने जाने दौरान ग्राम मचानपार के दीपक वासनिक से विगत 06 वर्ष पूर्व से जान पहचान हुई थी। तब से दोनों एक दूसरे से बातचीत करते थे। दिनांक 08.03.2024 को वह पहली बार दीपक के गांव मचानपार घुमने आई थी तब दीपक प्रार्थिया को अपने घर में शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था और अपने साथ ग्राम कुल्हाडी अम्बागढ चौकी अपने नानी के घर भगाकर ले गया था और वहां भी दीपक वासनिक प्रार्थिया के साथ शादी का प्रलोभन देकर कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। प्रार्थिया द्वारा दीपक को शादी की बात बोलने पर वह वापस अपने घर मचानपार ले आया और अपने घर में प्रार्थिया के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था। प्रार्थिया जब भी शादी के लिए दीपक को बोलती थी तो दीपक प्रार्थिया के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करता था जिस पर प्रार्थिया अपने परिवार वालो को घटना की जानकारी देकर पुलिस चौकी तुमडीबोड आकर रिपोर्ट दर्ज करने पर महिला विवेचना अधिकारी द्वारा अपराध सदर धारा का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के निर्देशन मे पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार 28 मई को आरोपी दीपक वासनिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# बख्शी जी की 130वीं जयंती कायस्थ समाज ने मनाई

राजनांदगांव (दावा)। साहित्य वाचकपति डॉ. बख्शी की 130वीं जयंती मनाई गई। कायस्थ समाज द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय के पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सभागृह में बख्शी जी के जयंती कार्यक्रम में पूर्व जिला न्यायाधीश श्रीमती शकुन्तला दास, प्राचार्य डॉ. अर्चना ठाकुर, हिन्दी विभाग डॉ. शंकर मुनि राय, पूर्व प्राचार्य हेमलता महोबे, भिलाई से डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. जीवन यदु, डॉ. महेश शर्मा भिलाई, डॉ. जयप्रकाश श्रीवास्तव भिलाई, डॉ. प्रशांत झा खैरागढ़, समाज के संरक्षक प्रभात बख्शी जी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।



उक्त कार्यक्रम में लोगों ने बख्शी जी से जुड़े संस्मरण व हिन्दी साहित्य के सारगर्भित विषयों का हिन्दी साहित्य पर रखा गया। डॉ. दादूलाल जोशी सोमनी द्वारा बख्शी जी पर लिखी गई विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया गया। उपस्थित हिमांशु याज्ञिक, अखिलेश तिवारी, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, इंदरचंद कोठारी, अशोक चौधरी, सोमनिशा खरे, गिरीश ठक्कर को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। साथ ही शरद तिवारी, डॉ. के.के. द्विवेदी, पूर्व पार्षद अशोक खंडेलवाल, राकेश जोशी, अंकिता श्रीवास्तव, मनीष गौतम, रमेश श्रीवास्तव, अमोद श्रीवास्तव द्वारा प्रश्न उत्तर पुरस्कार दिया गया। उपस्थित संतोष श्रीवास्तव, पोपटलाल श्रीवास्तव, अमित आजमानी, ऋषि श्रीवास्तव, उषा दीदी, सुश्री शोभा श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। उपस्थित संजय श्रीवास्तव अधिवक्ता, सुनील श्रीवास्तव इस अवसर पर विभिन्न लोगों ने अपनी प्रतिभा एवं सामाजिक छवि निर्माण के लिए प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामायण समिति ब्राम्हण पारा प्रभात फेरी समाज गांधी चौक को भी सम्मानित किया गया। आभार व्यक्त समाज के संरक्षक भोला बख्शी, देवेन्द्र मोहन लाला देबू अध्यक्ष आभार प्रदर्शन किया गया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों हितग्राहियों के बैंक खाते में राशि अंतरित

मोहला (दावा)। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खाते में माह नवंबर 2023 से मार्च 2024 तक की राशि एरियर्स के साथ उनके बैंक खाते में अंतरित कर दिया गया है। जिले के 1276 हितग्राहियों के लिए 26 लाख 9 हजार 250 रुपये का भुगतान किया गया है। माह अप्रैल 2024 का पेंशन भुगतान हेतु 15 मई को राज्य नोडल खाता में राशि हस्तांतरण कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत हितग्राहियों का डाटा भारत सरकार के एनएसएपी पोर्टल में अलग किया जाने के चलते राशि अंतरित करने में असुविधा हो रहा था। इसे ध्यान में रखकर एनईएफटी के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित किया गया है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि में पैदल क्षेत्र घोषित

मोहला (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस जयवर्धन ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के मतों की गणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में 4 जून को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 4 जून को मतगणना स्थल शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय के 100 मीटर की परिधि में पैदल क्षेत्र घोषित किया है। उक्त क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित कार्यों में लगे वाहनों को छोड़कर किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-8
259-6 120-3
राजधानी
3-4-6
267-5 579-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# वार्ड नं. 18 व 19 में आयुक्त ने साफ सफाई के अलावा निर्माण कार्य देखा

## 18 एकड़ एसएलआरएम सेन्टर के व्यवस्थित कार्य की सराहना की

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है, भ्रमण में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रातः साफ सफाई एवं वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कडी में आज उन्होंने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अशोक देवांगन व अनुप पाण्डे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी के साथ वार्ड नं. 18 व 19 के ममता नगर, वर्धमान नगर, 18 एकड क्षेत्र में साफ सफाई व निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ठा.प्यारेलाल स्कूल परिसर में स्थित ग्रंथालय का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किये।



आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगों को समझाईस देवे एवं शत् प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर हाजरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क में मलमा व निर्माण समाग्री रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करें।

आयुक्त श्री गुप्ता विकास कार्यो के निरीक्षण में वार्ड नं. 18 के ममता नगर गली नं. 05 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण, महाराजा सेल के बाजू गली में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, अन्नपूर्णा समुदायिक भवन के पास भवन व उद्यान निर्माण के अलावा वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौन्दर्यीकरण कार्य तथा वर्धमान नगर में नाली निर्माण, शक्ति नगर में सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने शक्ति नगर में खराब सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण को तोड कर पुनः किये जा रहे रोड निर्माण का जायजा लेकर शेष कार्य गुणवत्ता के साथ कराने तथा कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश तकनीकि अधिकारियों को दिये।

निरीक्षण की अंतिम कड़ी में आयुक्त श्री गुप्ता ठा.प्यारेलाल स्कूल परिसर में स्थित ग्रंथालय का जायजा लिया और ग्रंथालय में आने वाले पाठकों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रजिस्टर मेंटेन करे जिसमें प्रतिदिन आने वाले पाठाकों की जानकारी हो, इसके अलावा पाठकों की सुविधा का भी ध्यान रखे। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, पानी तथा बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रतियोगी पुस्तके उपलब्ध करावे, उनकी सुविधा अनुसार ग्रंथालय खुली रखे।

# सभी बच्चों को मिलना चाहिए शिक्षा का अवसर - कलेक्टर

**○ निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के साथ होना चाहिए अच्छा व्यवहार**
**○ आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का करें भौतिक सत्यापन**
**○ आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों की शिक्षा अबाधित रूप से रहे जारी**




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्रा उच्च. माध्य. विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, आरटीई नोडल अधिकारी, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक की बैठक ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। सभी बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। हर एक बच्चा शिक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत कोई भी बच्चा प्रवेश करता है, तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जिस प्रकार सामान्य तौर पर प्रवेशित बच्चों के साथ व्यवहार करते हैं। ऐसा नहीं करने या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत प्रवेशित कुछ बच्चे पढ़ाई के मध्य में ही विद्यालय का त्याग कर देते हैं, परन्तु उन विद्यार्थियों का नाम पोर्टल में प्रदर्शित होता रहता है। ऐसी स्थिति में संबंधित विद्यालय के द्वारा उन विद्यार्थियों को ड्राप आउट मार्क किया जाना अनिवार्य है, परन्तु अधिकांश विद्यालयों द्वारा आरटीई पोर्टल में कार्यवाही नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्य द्वारा विद्यालय में वास्तविक रूप से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का ही देयक पारित किया जा सके, इसके लिए प्रतिवर्ष कम से कम दो बार आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि बच्चे किस कारण से ड्राप आउट हो रहे हैं। उनकी शिक्षा अबाधित रूप से जारी रहे इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में समर कैम्प चल रहा है। जिससे बच्चों की प्रतिभाएं बाहर निकलकर आ रही है। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं का चिन्हांकन करना है और उसे उस दिशा में विकसित करना है। बच्चों में व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास होना चाहिए। बच्चों के विकास के लिए क्या बेहतर कार्य कर सकते हैं इसके लिए कार्ययोजना बनानी चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया गया कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर एवं दुर्बल वर्ग तथा अलाभित समूह के बच्चों को उनकी पहुंच सीमा में प्रवेश दिलाया जाता है। इसका मैदानी स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिससे सुचारू एवं पारदर्शिता के साथ संचालन किया जा सके। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन करते हुए उनके द्वारा चाहे गये विद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं लेखन सामग्री विद्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक संचालक आदित्य खरे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानपाठक सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

## 12 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या, मोबाइल चलाने को लेकर हुई थी कहासुनी



बलरामपुर। जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आ रहा है, यहां बच्चों के बीच मोबाइल चलाने को लेकर हुए कहासुनी के बाद 12 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पर जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव मौके पर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मितगई के वार्ड क्रमांक 1 निवासी आदित्य विश्वकर्मा खेत की ओर गए थे। वहीं उनकी पत्नी घर के बाहर थी इसी दौरन सुबह 9.30 के करीब उनके बच्चे आपस में मोबाइल देखने को लेकर कहासुनी करने लगे इसी बीच उनका 12 वर्षीय पुत्र आशीष विश्वकर्मा इतना गुस्सा हुआ कि दूसरे कमरे में चला गया एवं फांसी से लटक गया। घटना के मुश्किल से 2 से 5 मिनट के अंदर पिता भी मौके पर पहुंचे तो बच्चों ने बताया कि दरवाजा आशीष ने बंद कर लिया है तो तत्काल हुए कमरे के ऊपर से खपड़ा हटाकर नीचे गए एवं आनन फानन में तत्काल बच्चे को लेकर 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाये। जहां बीएमओ डॉ हेमंत दीक्षित जांच उपरांत मृत घोषित किया। घटना की सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव पहुंचे। मृतक बच्चे का जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव के बगल में ही घर है।

### मां की साड़ी से लटक कर दी जान

आशीष अपनी मां की साड़ी से फंदा गले में लगाकर लटक गया जिससे उसकी जान चली गई, जो बच्चा मां के साड़ी का पल्लू को पक? चलना सीखा उसी बच्चे ने आज माँ की साड़ी से लटक कर अपनी जान दे दी।

## बारिश के पूर्व नहीं बन पाएगी सुरगी कुम्हालोरी सड़क

**○ उड़ती धूल व नुकीली गिट्टियों से परेशान ग्रामीण**
**○ सड़क के आसपास के घरों में धूल का गुबार**



राजनांदगांव (दावा)। लगभग दो साल से अपनी जर्जरावस्था के लिए आंसू बहा रहा सुरगी-कुम्हालोरी सड़क का जीर्णोद्धार अभी तक नहीं हो पाया है और लगता है कि बारिश के पहले तक हल्दी से लेकर कुम्हालोरी, सुरगी तक की जर्जर सड़क बन ही नहीं पाएगी। क्योंकि इसके निर्माण का कार्य इतना ढीला-ढाला चल रहा है कि जिससे ऐसा नहीं लगता कि बारिश के पूर्व इस क्षेत्र के लोगों को 7 से.मी. लेयर मोटी वाली डामरीकृत चमचमाती सड़क में चलने को मिलेगा। बता दे कि कांग्रेस सरकार के जाते और भाजपा सरकार के आते ही इस सर्वाधिक जर्जर व दयनीय सड़क पर जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ था। लेकिन ठेकेदार की लेट-लतीफी के चलते लगभग तीन माह से ज्यादा समय इसके निर्माण करने में लग गया। हल्दी से लेकर सुरगी होते हुए बालोद जिला मुख्यालय तक पहुंच मार्ग के पुनर्निर्माण में ठेकेदार की मनमानी से इस क्षेत्र के ग्रामीण व राहगीर परेशान हो रहे है।

अब तक हुए अधूरा पुनर्निर्माण के चलते लगातार धूल का गुबार उठ रहा है। जिससे सड़क के निकट के आसपास के घर-वाले परेशान हो रहे है। गाड़ियां गुजरने से तो धूल का गुबार 500 मीटर तक फैल जाता है। जिसके कारण धूल का अंधेरा छा जाता है जिससे गाड़ियों का टकराने का अंदेशा बना रहता है। वही धूल से एलर्जी वालों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

### निर्माण कार्य की गति धीमी

बता दे कि हल्दी वार्ड से सुरगी तक की जर्जरावस्था सड़क के सम्बंध में कई बार सम्बंधित विभाग का ध्यान आकर्षित किया गया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पैरादान कार्यक्रम में सुरगी आने पर उक्त जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की बात उठाई गई थी। इस पर बघेल ने सड़क डामरीकरण के लिए 15 करोड़ देने का एलान किया था जो कांग्रेस सरकार के सत्ता जाते तक नहीं मिली। बाद में बीजेपी की सत्ता आते ही पूर्व सांसद द्वारा इस रोड के पुनर्निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया और सड़क निर्माण के लिए बेस डाले जाने का कार्य शुरू हुआ। लेकिन निर्माण को गति नहीं मिल पा रही है। तीन महिने से ज्यादा हुए कार्य को शुरू हुए अभी तक पुराने रोड की खुदाई का उसमें गिट्टी और डस्ट को मिक्स कर बिछाए जाने का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। सुरगी मलपुरी क्षेत्र के आसपास तक नुकीली गिट्टिया बिछाकर छोड़ दी गई है। इससे लोगों का आवागमन मुश्किल जा रहा है।

### गुणवत्ता पर उठ रही उगंलियां

शहर के दक्षिण दिशा की ओर का अंतिम हल्दी घाट वार्ड से ढोड़िया, सुरगी होते हुए कुम्हालोरी तक की इस सड़क की लम्बाई लगभग साढ़े 10 कि.मी. है। जिस पर पुनर्निर्माण का कार्य चल रहा है। बेस आदि के कार्य पूरे हो चुके है। लेकिन बेस में पानी का समुचित छिड़काव नहीं किए जाने से इसमें मजबूती नहीं होने की बात कही जा रही है। जिसके चलते सड़क घंस भी सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा ऐसा पैसा बचाने के लिए किया गया है।

सुरगी के सरपंच आनंद राम साहू ने बताया कि हल्दी-सुरगी से लेकर कुम्हालोरी तक बने रही उक्त सड़क में 5 में 7 से.मी. लेयर वाली डामरीकरण किए जाने की बात हुई है। लेकिन 5 से.मी. लेयर की डामरी करण किए जाने की बात सामने आने पर ठेकेदार विकास कन्ट्रक्शन से कह कर 7 से.मी. लेयर की डामरीकरण कार्य करवाया जा रहा है। वही सड़क के बेस की मजबूती के लिए पानी का भरपूर उपयोग किए जाने बात कन्ट्रक्शन कम्पनी से कह दी गई है। ठेकेदार यदि काम को तत्परता दे तो बारिश के पूर्व हल्दी-सुरगी से कुम्हालोरी तक की सड़क जल्दी ही बन सकती है। नहीं तो बारिश आने पर सड़क निर्माण व डामरीकरण के सम्बंधित कार्य में बाधा पड़ सकती है।

## अंबागढ़ चौकी में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की शुरुआत कर रहा नांदगांव शिक्षा मंडल

**प्रकृति की गोद में मिलेगा गुरुकुल जैसा वातावरण ...**

राजनांदगांव (दावा)। नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में वनांचल वासियों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा हेतु 'नांदगांव शिक्षा मंडल' ने बीड़ा उठाया है। इसी सत्र 2024-25 से संचालक मंडल ने अंग्रेजी शिक्षा की शुरुआत का निर्णय लिया है। इस हेतु नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है ।

पालकगण रामनिवास सारडा एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया से अवगत हो सकते हैं। पालकों के लिए यह जानकारी जरूरी है कि नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित उक्त नवीन शाला में पदस्थ शिक्षक/शिक्षिकाएँ योग्यता प्राप्त, अनुभवी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन कार्य में विशिष्ठता लिए आपके बच्चों को अक्षर ज्ञान से लेकर अन्य गतिविधियों में सक्षम बनाने कटिबद्ध हैं। कक्षाओं में बच्चों के पाठ्यक्रम के अनुसार वातावरण निर्मित करने उन्हें साज-सज्जा के साथ संवारा गया है। पूरा कैंपस हरियाली से आच्छादित एवं सुरक्षा के घेरे में है, जहां बच्चे स्वतंत्रता पूर्वक खेलकूद सकते हैं।

पेयजल की उत्तम व्यवस्था के साथ ही बच्चों के टिफिन के लिए अनुकूल वातावरण भी उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने किया जिले के टॉपर बालिकाओं को सम्मानित





**शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में अध्ययन कर जिले का किया नाम रोशन**

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में अध्यनरत कक्षा 12 एवं 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले में अव्वल रही बालिकाओं को मेडल भेंटकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय हैं की कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में कुमारी वैजन्ती ने 92.20 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान पर रही है। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में कु. स्नेहा ने 91.80 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान पर रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जयवर्धन ने दोनों बालिकाओं कों अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने दोनों बालिकाओं से भविष्य के संबंध में बात की।

कलेक्टर ने उन्हें शुभाशीष देते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए और अधिक मेहनत करने की सीख दी।

## पीटेमेटा एवं नजदीकी गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामवासियों को मुफ्त दवाईयों वितरित



मोहला (दावा)। हाल ही नया स्थापित कैम्प सः समवाय अमाकोडो के एओआर के अंतर्गत श्री मुकेश कुमार धस्माना, सेनानी, 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के नेतृत्व में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दूरगामी आदिवासी गाँव पिटेमेटा एवं नजदीकी गांव में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाया गया उक्त कार्यक्रम मुकेश कुमार धस्माना, सेनानी 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, डॉ. जयवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्र.को.), श्री किशन गोपाल, सहायक सेनानी/जी.डी. तथा डॉ. सागर ओपहलकर, चिकित्सा अधिकारी, 'स' समवाय के अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों की देख-रेख में सम्पन्न किया गया ग्राम पिटेमेटा में चिकित्सा शिविर के दौरान डॉ. जयवीर सिंह, वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. सागर ओपहलकर, चिकित्सा अधिकारी द्वारा पिटेमेटा गाँव के अलावा आस पास के गाँव के स्थानीय निवासियों का भी ईलाज किया गया एवं मुफ्त दवाईयों वितरित की गई तथा सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं गर्मियों के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही अपनी साफ-सफाई व खान-पान के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया इन कार्यक्रम से लगभग 100 से ज्यादा ग्रामीण और उनके परिवार जन लाभान्वित हुए। इस अवसर पर श्री मुकेश कुमार धस्माना, सेनानी 44वीं वाहिनी द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को उनके परेशानियों तथा समस्याओं के बारे में पूछा गया और साथ ही ग्रामवासियों को आश्वासन दिया गया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बल के रहते आप सभी ग्रामीणों को हर संभव सहायता दी जायेगी एवं किसी भी प्रकार की परेशानी एवं असुविधा नहीं होने दी जायेगी।

# कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका अभियान में सभी दें अपना योगदान - कलेक्टर



**○ जल संरक्षण के लिए ग्रामों के क्लस्टर बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश**
**○ सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए चिन्हांकित सड़कों में करें आवश्यक परिवर्तन**
**○ खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में ली जानकारी**
**○ भू-अर्जन अंतर्गत मुआवजा देने के बाद रिकार्ड दुरूस्त करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए पोट्ठ लईका अभियान की पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जनसहभागिता तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से सघन अभियान चलाकर यह कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषण की श्रेणी में लाने के कार्य में सभी अधिकारी अपना योगदान देंगे।

बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाएं कमजोर न हो, इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उनके हिमोग्लोबीन एवं अन्य परीक्षण तथा आयरन, मल्टीविटामिन, जिंक एवं अन्य दवाईयां समय पर देने की आवश्यकता है। बालिकाएं स्वस्थ रहेंगी तो उनका भविष्य अच्छा रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि एक महीने से अधिक बिना अनुमति से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाना है, इसके लिए सभी विभाग ध्यान देते हुए जानकारी भेजें। साथ ही संविदा सेवा वृद्धि के लिए भी जानकारी भेंजे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल का स्तर नीचे चला गया है, जिससे आने वाले समय में पानी के लिए दिक्कत हो सकती है। इसके लिए हरसंभव प्रयास करना है। उद्योगों द्वारा पानी का दोहन किया जाता है। उन्हें इससे दोगुना वाटर रिचार्ज करने के लिए जलीय संरचना बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्योग तालाब बनवाएं तथा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण करवाएं। जल के उपयोग के लिए यह जरूरी है कि सरफेस वाटर का उपयोग किया जाएं। जल संरक्षण के लिए 4-5 गांवों का कलस्टर बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राजस्व शिविर की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व की टीम हर हल्के की मानिटरिंग करें और संयुक्त खाता का परीक्षण करें। फौती, नामांतरण जैसे कार्य रूकना नहीं चाहिए। परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद परिवार के अन्य सदस्यों का नाम दस्तावेजों में होना चाहिए। जहां खाता विभाजन की स्थिति हो वहां प्राथमिकता से समस्या का निराकरण करें। इससे किसानों को खेती-किसानी और धान बिक्री में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, सुपोषण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सभी अधिकारी संयुक्त रूप से समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। वहीं अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने घुमंतू पशु के लिए कांजीहाऊस का निर्माण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां रोड की संरचना में कमी के कारण सड़क दुर्घटना हो रही है और वहां आवश्यक परिवर्तन करते हुए ब्रेकर जैसी संरचनाएं बनाएं, ताकि दुर्घटना नहीं हो। ऐसे सड़क जहां बड़ी सड़क के साथ छोटी सड़क जुड़ रही हो, वहां रम्बल स्ट्रीप बनाएं, ताकि वाहन की गति कम हो जाए और दुर्घटना नहीं हो। कलेक्टर ने एजुकेशन हब की प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा इस दिशा में शीघ्र कोचिंग प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए आधार सिडिंग एवं लैंड सिडिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य आबाधित रूप से होने चाहिए। इसके लिए कृषि विभाग को बैंकर्स से समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। धान के साथ ही कोदो, रागी, अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन जैसे बीज उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक महत्व के निर्माण कार्यों के दौरान भू-अर्जन का कार्य महत्वपूर्ण है, इसके लिए समीक्षा करें तथा मुआवजा का कार्य पूरा होने पर रिकार्ड अपडेट करें। उद्यानिकी विभाग बच्चों के सुपोषण को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बाड़ी बनवाएं, ताकि उन्हें पौष्टिक आहार मिल सके। मुनगा एवं पपीता के पौधे वितरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बख्शी जी का खैरागढ़ से असीम प्रेम व खैरागढ़ में अगले जन्म लेकर मास्टर बनना था

**डॉ. रेमेंद्र नाथ मिश्र**

बख्शी सृजन पीठ की स्थापना 1994-95 में हुई थी। यह शोध पीठ रायपुर की अपेक्षा खैरागढ़ यूनिवर्सिटी में होना था क्योंकि खैरागढ़ बख्शी जी का जन्म स्थान है और खैरागढ़ के लोग बख्शी के बारे में ज्यादा जानकारी दें सकेंगे। रायपुर में पं. सुंदर लाल शर्मा, स्व. लखन लाल मिश्र, गुरूघासीदास शोध पीठ है, किंतु शोध पीठ का समय-समय पर विकसित होना बहुत जरूरी है। शोधपीठ की लाइब्रेरी बहुत ही विकसित है किंतु खैरागढ़ विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी भी विकसित एवं धनी है, पुस्तक पढ़ने की भी कोशिश करें हम 24 घंटे में कम से कम 24 मिनट पुस्तक पढ़े हमारे विचारों एवं व्यवहारों में परिवर्तन आएंगे जो ज्ञानवर्द्धक चर्चा करते है। उसे लिखे। प्रकाशित करें बख्शी जी के साहित्य में माटी के कण-कण से जुड़े हुए संस्मरण है, उन संस्मरणों में डॉ. नलिनि श्रीवस्तव के आठ खंडों में बख्शी खंड पीठ ग्रंथ खैरागढ़ विश्वविद्यालय को दी है। उस खंड को पीठ के लिखने में उन्हें आठ वर्ष लगे। नलिनि में फेक्टस के फूल और एवं टुकड़ा सच से अपनी प्रकाशन करना प्रारंभ की है : बख्शी जी खैरागढ़ से असीम प्रेम था और वे अगले जन्म में खैरागढ़ में जन्म लेकर मास्टर जी बनना चाहते थे।

<u>डॉ. नलिनि श्रीवास्तव</u> - डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र को मैं किसी इन सॉयक्लो पीड़िया से कम नहीं मानती हूँ. आप की मेहनत और ज्ञान ने बख्शी शोध पीठ को अकेले ही सम्हाले हुए है। लाल रामकुमार सिंह (काका जी) आकाशवाणी के बेस्ट अध्यापक रहे हुए है। प्रो. राजन यादव कुशल संचालक है। जो व्यक्ति श्रेष्ठ पाठक होगा वही कुछ लिख सकता है। सरस्वती का पहला अंक सन 1900 में प्रकाशित हुआ था। किंतु राजनांदगाँव स्टेट हाईस्कूल में वे संस्कृत के शिक्षक थे और दिग्विजय महाविद्यालय में वे हिन्दी के प्राध्यापक थे। बख्शी जितना लिखते थे, उससे कई गुना वे पढ़ते थे।

वे जीवन पर्यन्त उपन्यास लिखने का प्रयास करते रहे किंतु वे समीक्षा और लेख ही लिखते रहे, उपन्यास नहीं लिख पाए उन्होंने 1911 से 1971 तक लेख लिख और समर सेट मॉम की पुस्तक के अनुसार आगे बढ़ते रहे।

'जिन्हें नहीं भूलूंगा' लेख में वे लिखते है कि जो मेरे लेख लिखने के लिये इतना मेहनत करते हैं उन्हें मैं कभी नही भूलूगां। लाल राजबहादुर लाल दिलीप सिंह जयकरण सिंह रामनाथ वैद्य थे उनके शुभ चिंतक एवं विद्वान मित्र थे। बख्शी जी लिखते है की रविन्द्र नाथ टैगोर को जो बात स्वप्न में दिखाई देता था तब वह किसी को अपने कमरे में आने नही देते थे 'कथा साहित्य में स्वप्न जगत में बख्शी जी ने स्वप्न और दिन होने पर के बीच में आने वाले व्यक्तियों का जिक्र किया है जिसे वे विघ्न मानते है ठीक इसी प्रकार प्रेमचंद का मंगलसूत्र भी अधूरा है। उन्होंने अश्रुदल स्व. लाल दिलीप सिंह को समर्पित किया था। उन्होंने राजा कमल नारायण प्रहर्स में उनके जसगीत का वर्णन किया है तथा हिरापाल पोद्दार, विजय लाल ओसपाल गुलाब चंद जैन एवं रामानुज लाल जी श्रीवास्तव के गुणों का अपने लेखों में वर्णन किया है वे लोगो को खासकर शिष्यों को कहते थे कि अपने विचारों को लेख बद्ध करें। 1959 में जब वे पं. किशोरी लाल शुक्ल के प्रयास से दिग्विजय महाविद्यालय में हिन्दी के प्रध्यापक नियुक्त हुए तब उन्हें खैरागढ़ छोड़ना पड़ा और पं. काशीदल जैशरण सिंह को समर्पित अपने लेख में कहा कि जहाँ जहाँ जहि हें सुयास बढाएंगे।



मैं कही भी रहूँ : खैरागढ़ का ही व्यक्ति कहलाऊंगा। बख्शी की अपनी छोटी-छोटी कथाओ के माध्यम से बहुत प्रिय हुए। वे हमेशा चंद्रकांता संस्तुति पढ़ते थे।

विनय मंजरी नामक लेख गजराज बाबू की किताब हैं पं.रविशंकर शुक्ल जब विक्येरियाहाई स्कूल खैरागढ़ में प्रधान अध्यापक होकर आए तब वे कक्षा तीसरी में थे उनका कहना था कि मैं बुढ़ापे में भी बालक पन में चला जाता हूँ और चंद्रकांता संस्कृति पढ़ता हूँ

हमेशा पढ़ते रहते थे डा.नलिनी ने बतलाया कि- बख्शी जी को गुलाब राय के लेख से यह प्रेरणा मिलती है जिसमें उन्होंने लिखा है (गुलाबराय)ने कि मैं एक चौथार्य मौलिक हूँ और तीन चौथाई मिश्रित (मिक्स)हूँ इस विचार से बख्शी जी हमेशा प्रभावित रहते थे और इसी को ध्यान में रखते हुए उनके अधिकतम लेखों में मौलिकता है, यथार्थता है।

खैरागढ़ की रौनकता- बख्शी जी को खैरागढ़ में गांव की रौनकता का एहसास होता था तो वहीं यदि उन्हें शहर की सजावट भी दिखाई देता था तो वे कहते है कि इस शहर में बहुत ही एकता एवं आपस में प्रेम हैं यहां के लोग मिलजुल कर रहते हैं। सार बात यह है कि बख्शी-शोध में कहीं भी निराशा नहीं है, रोचकता एवं नवीनता है, पात्र वास्तविक है, जो घटना उनके सामने घटी है, उसी का साहित्यिक उल्लेख है और यही उनकी मौलिकता है।

आने वाली पीढ़ी को बख्शी जी का संदेश भाव - नई पीढ़ी का हृदय विशाल हो ज्ञान रत्न के रूप में एक दिन आवेगा तुम्हारे ज्ञान का नाम कुछ भी दे जाता हूँ लाल उसे इन्कार मत करना नियकर्ष यह है कि बख्शी जी अपने को किसी भी प्रकार से महिला मंडित नही कर रहे हैं और अपने को बहुत ही छोटा समझकर अपने लेखों को नई पीढ़ी को परोस रहे हैं यही बख्शी जी के हृदय की विशालता, उदारता एवं निश्छल भावना यह महान पुरूषों का लक्षण है।

डॉ. नलिनी बख्शी जी की पौत्री (पुत्री)- पदुमात्मन महेन्द्र बख्शी आप बख्शी खंड 8 वर्षों में लिखी हैं और बख्शी सृजन पीठ भिलाई की अधोसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) हैं और इस भवन ऊँचाई देने वाले हैं बहुमुखी प्रतिभा के धनी, इतिहासविद, एवं साहित्यकार डॉ. रमेन्द्र नाथ जी मिश्रा हैं आप के प्रति प्रशंसा के शब्द लिखना सूर्य को दीपक दिखाने के समान हैं अर्थात उद्गार के शब्द कम है किन्तु आप के प्रति प्रशंसा एवं सफलता के लिये भावनाओं की गहराई में असीमित शब्द हैं डॉ. नलिनी की बख्शी जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर शोध त्याग का प्रमिफल है। वे अभी भी साहित्य साधना में अनवरत् व्यस्त रहती हैं और प्रतिदिन लेखन कार्य करती करती हैं।

### बख्शी जी के प्रति लाल रामकुमार सिंह के विचार

आकाशवाणी रायपुर के पूर्व उद्घोषक चिंतक एवं रंगकर्मी लाल रामकुमार सिंह का करना है कि बख्शी जी हमें बचपन में चंद्रकांता संस्तुति पढ़ने देते थे और जब मैं मिडिल स्कूल में था तब बख्शी जी हाईस्कूल में पढ़ाते थे। बख्शी जी- बहुत ही अच्छे पाठक थे। हमें कम से कम अच्छा पाठक तो बनना चाहिये। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय नृत्य, गीत एवं वाद्य का मक्का है। यहाँ के नरेश साहित्य एवं संगीत के पुरोधा थे और बख्शीजी पैलेस में राजकुमारीयों को पढ़ाने आते थे-और वे पैलेस की सीढ़ी में बैठे हुए मिलते थे।

### शशांक शर्मा- (संचालक छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रन्थ अंकादमी रायपुर)

बख्शीजी हासिये पर क्यों?- मैं बख्शी जी के बारे में जितना जानता था वो नलिनी जी ने सब कुछ कह दिया। खैरागढ़ मेरा ननिहाल है। 37 वर्षो बाद यहां आया हूँ, धुंधली सी यादें हैं दंतेश्वरी मंदिर, शिवमंदिर आदि। लाल प्रद्युग्न सिंह ने नागवंश के दो खंड लिखे हैं। मातृ भूमि मिट्टी से व्यक्ति की पहचान होती है। साहित्यकार कभी हसिये पर नहीं जा सकता। ये बात अलग है कि किसी का नाम एवं कार्य का प्रशंसा ना करें वे वहां पर उस व्यक्ति की याद नहीं किया जाता किंतु उसका साहित्य एवं लेख हमेशा प्रासंगिक रहता है हम 1908 के महात्मा गांधी के हिन्द स्वराज को पढ़े -लेख हर समय प्रासंगिक है। अब समय आ गया है कि लोग उन्हें अब अच्छी तरह से जानेंगे। हम बख्शी जी का साहित्य देखें पूरे हिन्दी साहित्य का इतिहास है बख्शी जी पर इतिहास की क्रांति का भी प्रभाव है फ्रांस की राज्य क्रांति में रूसों के सामाजिक संविदा सिद्धांत (सोशियल कान्ट्रेक्ट थ्योरी) में यह बतलाया गया है कि राजा इसमें सर्वोपरि हो जाता है इस संदर्भ में 'अपनी कथा' में बख्शी जी ने लिखा है कि सरकार चुनने के बाद जनता को अपनी आवश्यकताओं के बारे में संचेत रहना चाहिए, यदि जनता जागरूक नहीं है तो यह पूर्ण लोकतंत्र नही होगी बल्कि यह अप्रत्यक्ष रूप से अधिनायक तंत्र हो जायेगी। राष्ट्रीयता और सामाजिकता का कार्य साहित्यकार का है। साहित्य की कलम से जनता में नवजागरण होगा 1894 से 1971 तक का काल नवजागरण काल कहलाता है और इसी काल में साहित्य में राजनीति का प्रवेश हुआ। उनके निबंध को पढ़ने से हिन्दी भाषा का इतिहास मालूम होता है। सरस्वती के प्रकाशन काल में भी साहित्यिक प्रतिस्पर्धा थी। उस समय की एक पत्रिका 'माधुरी' में तोड़मरोड़ कर प्रतिस्वधत्मिक कविता लिखि गई थी जिसे सरस्वती में यथार्थरूप में प्रस्तुत की गई उनके निबंध एवं विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। बख्शी शोध पीठ के अध्यक्ष डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र ये वनमैन हैं। इन्होंने अपनी गतिविधियों को विराम नहीं लगाया है। श्री शर्माजी ने लोगों का आहवान किया के यदि बख्शी जी के संबंध में कोई पांडुलिपि हो तो अवश्य भेजें, उसे हम अवश्य प्रकाशित करेंगे।

डॉ. राजन यादव- बख्शी समारोह के लिये निकट भविष्य में छात्रों के बीच गोष्ठी का आयोजन किया जावेगा।

डॉ. मांडवी सिंह V.C.,IKSV खैरागढ़- मैं पहले बख्शीजी की लेख पढ़ती थी किंतु मुझे इतना रूमस नहीं थी किंतु बाद में जैसे-जैसे लेख पढ़ती गई बख्शीजी का लेख अमूल्य धरोहर है वे खैरागढ़ को अमर कर गए उनकी रचनाओं में यथार्थ का समावेश है। बख्शीजी के अपनी रचना में लक्ष्मण होटल का भी जिक्र किया है, जहां की चाय उन्हें बहुत भाता था उसमें उन्हें खैरागढ़ की एकता का रस महसूस होता था। डॉ. मांडवी सिंह ने डॉ.शरद गुप्ता के लेख एवं शोध के संदर्भ से कहती हैं कि बख्शी जी को उनके जीवन का सबसे आनंदमयी क्षण पूछा गया तो उन्होंने बतलाया कि मेरे लिये वह दिन गौरवमयी था। जब मैं कक्षा तीसरी के अंग्रेजी विषय में प्रथम आया तब राजा लाल बहादुर ने मेरा पीठ थपथपाया यह पल मुझे हमेंशा याद रहेंगा। बख्शीजी के पुस्तक या लेख उच्च शिक्षा में अधिक पढ़ाया जाता है।

- मांडवी सिंह
इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़

## अनमोल दावा

*जीवन में सबसे बड़ी खुशी उस काम को करने में है जिसे लोग कहते है कि तुम नहीं कर सकते हो...*

# चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक, कारोबार के आगे कम हो रहा आकर्षण

टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है। क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी। क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है

एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत-हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके-छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।

बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।

इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार-आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

## कविता

### // ऐ जेठ की दुपहरी //

पाँचवी मंजिल की छत पर
धमेले से मसाले ढोती पुष्पा
अपनी गीली-नमकीन देह को
फूँक रही है,
ऐ जेठ की दुपहरी!
अब तू क्यों दहकती है बेमतलब ?
कूड़े-करकट के ढेर में
अर्द्धनग्न बदन नन्ही पिंकी खाने को
कुछ ढूँढ रही है,
ऐ जेठ की दुपहरी!
अब तू क्यों दहकती है बेमतलब ?
कोलतार की चिकनी सड़क पर
चैतीबाई कच्छोरा भीरे नंगे पाँव
अपने पोते को कंधे पर लिये
चल रही है,
ऐ जेठ की दुपहरी !
अब तू क्यों दहकती है बेमतलब ?



टीकेश्वर सिन्हा
''गब्दीवाला''
व्याख्याता
(अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद
सम्पर्क -
9753269282.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-160: राजा दशरथ भावी अनिष्ट की आशंका से राम को शीघ्र राजा बनाने के पक्ष में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा दशरथ गुरु को प्रणाम कर राजधानी लौट गए। वे अयोध्या पहुंचे ही थे कि उन्हें गुरु का संदेश मिला कि चंद्रमा के पुष्य नक्षत्र पर आने की तिथि शुभ है। इसमें स्वयं राजा दशरथ के ग्रह - नक्षत्र की स्थिति के बारे में भी विस्तृत गोपनीय विवरण था। गुरु वशिष्ठ ने श्री राम के राज्यारोहण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त तिथि आगामी कल की बताई। राजा ने तत्काल मंत्री परिषद की बैठक बुलाई। सभी लोग राजा दशरथ द्वारा पद त्याग के प्रस्ताव पर स्तब्ध रह गए क्योंकि राजा दशरथ अयोध्या के प्रशासन का कुशल संचालन करते आ रहे हैं। वे एक न्यायप्रिय और प्रजापालक शासक के रूप में दशकों से राज्य के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।राजा प्रजावत्सल हैं।प्रजा को अपनी संतान की तरह स्नेह करना और एक विराट अयोध्या परिवार के मुखिया के रूप में उनके द्वारा प्रजा को मूलभूत आवश्यकताएं प्रदान करना उन्हें सर्वजनप्रिय बनाता है।

'आपका प्रस्ताव सर्वथा उचित है महाराज, लेकिन अभी इसके क्रियान्वयन का समय नहीं आया है।' मंत्री सुमंत ने सुझाव देते हुए कहा।

'अर्थात?' राजा दशरथ ने पूछा।

'महाराज! पूर्णतः पद त्याग करने के बदले कुमार राम को युवराज के पद पर अभिषिक्त कर दीजिए और फिर आपके संरक्षण में वे शासन संचालन का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर लेंगे।इसके बाद ही आपका अंतिम रूप से पद त्यागना उचित होगा।' ऋषि वामदेव ने कहा।

मंत्री परिषद के कुछ सदस्य इस मत के भी थे कि राजा का पूर्णरूपेण पद त्यागना भी अनुचित नहीं है, क्योंकि वे पद में नहीं रहते हुए भी राजा राम के संरक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

राजा दशरथ ने कहा,'गुरु वशिष्ठ ने भी कल की तिथि को श्री राम के राज्यारोहण के लिए उपयुक्त बताया है। अभी अभिषेक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त चैत्र का महीना भी चल रहा है जिसमें राम का जन्म हुआ था। कल चंद्रमा पुष्य नक्षत्र पर होगा,जो सर्वाधिक उपयुक्त तिथि है। यह भी एक संयोग है कि वर्तमान में मेरे जन्म नक्षत्र को सूर्य, मंगल और राहु ने घेर रखा है। ऐसे में राजा या तो भयंकर षड्यंत्र का शिकार हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसी स्थिति में तो कल का शुभ मुहूर्त राम के अभिषेक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।'


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -071

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 070 का हल



## सामयिक चर्चा

### राहुल का दावा अपना और गजाधर का सपना

आज खबर पढ़कर,
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
राहुल गांधी ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के
बख्तियारपुर में
एक जनसभा को सम्बोधित किया
और यह दावा किया
कि लोकसभा चुनाव के बाद
नरेन्द्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री
नहीं बनने जा रहे हैं।
फिर वे आगे बता रहे हैं
कि ईडी, मोदी जी से अडानी के साथ
उनके लेन-देन के बारे में पूछताछ करेगी।''
तो गजाधर! इस सर्वाधिक
चकित कर देने वाली राहुल की बात पर,
आपकी बुद्धि आज क्या कहेगी?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
तुम्हे, उत्तर देने के पहले मैं
खुद को चिमट कर देख रहा हूँ
कि कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूँ।''



- गिरीश बख्शी

## कविता

### अंह का त्याग

दु:खों का कारण है, उसका अहंभाव दुरभि सन्धि,
न रहें संशय में, अध्यात्म भाव रहे मन में,
मनो भूमि का में निवास करें पशुत्व पर रखें नियंत्रण
सरल सहृदय बनें त्यागें मनो विकार
अशांति से मुक्ति पाने बने आस्तिक।
न करें बुद्धिमत्ता की तारिफ
असत्य को सत्य नही कहा जा सकता,
प्रकृति सत्य है किंतु जीवधारी असत्य है,
निद्रा से उठें, जागें, खोजें यथार्थ
खोजें ईश्वर और जीव के बीच का संबंध।
प्रार्थना में हम जाते हैं ईश्वर के समीप,
बढ़ें समृद्धि की ओर, प्रभु हमारे साथ,
न हो अंहभाव क्योंकि यह है पतन का कारण,
ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, परिच्छद्रान्वेषण में गंवाए समय।
अपनी आत्मकल्याण की ओर, दे ध्यान,
जीवन है पानी के बुलबुले के समान
कर ले जग में पूरहित का काम,
अपने अंदर ईश्वरीय दिव्य तत्व को पहचानें।
अपने भीतर के ज्ञान प्रकाश को ढुढ़िये,
सत्य की खोज कर ईश का करें ध्यान
उन्नति का उद्गम स्थान है, आत्मा
आत्मा के प्रकाश में छिपा है परमात्मा
यही है मानव का सर्वोच्च विकास
योग्यता एवं दिव्यता हर मानव में है,
न हो अहं (इगो) हो सहृदय,
यही आत्मा उन्नति है।

देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646

## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आज आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। कोई मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अपनी दिनचर्या में सुबह की सैर शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं। आपको खास होने का अनुभव कराएगा।




**सिंह**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी7 संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आपके मन को शांति मिलेगी।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेकार की उलझन में पड़ने से बचने की जरूरत है। आज आप खुद के लिए समय निकालेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने मनपसंद जगह पर ट्रांसफर के लिए आवेदन कर हैं। आज व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते है। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आज हर जगह से आपको काम के लिए ऑफर मिलते दिखायी देंगे।




**धनु**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करके काम करेंगे।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में नयापन लाने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप कोई बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं।



**कुंभ**
आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय कार्यो के लिए आपको सम्मानित किया जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।



**मीन**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। आज आपका वैवाहिक जीवन शानदार रहने वाला है। आज आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे।

# उमरवाही जंगल में जमकर शराब बिक्री, युवाओं का भविष्य दांव पर

(राजेश मेश्राम)



जोंधरा (दावा)। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री आम बात हो गयी है कभी भी, कही भी, कोई भी व्यक्ति अवैध शराब दुकान क्षेत्र में चला सकता है। इसका ज्वलंत उदाहरण छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम उमरवाही का है। जहां एक व्यक्ति द्वारा अपने कुछ सहयोगियों के साथ खुले आम अवैध शराब की बिक्री संचालित की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरबसपुर एवं उमरवाही के मध्य स्थित जंगल जो की गुंडरदेही उमरवाही मुख्य मार्ग से कुछ भी दूरी पर है वहां पर किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा विगत 15 दिनों से लगातार अवैध शराब की बिक्री की शिकायत क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। प्रतिनिधि ने ग्राउंड पर पहुंचकर कथित स्थल की फोटो अपने मोबाइल में उतारी जहां विक्रेता महुआ पेड़ के नीचे बाकायदा चटाई बिछाकर ऑरेंज कलर के थैले में रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

## नशे की गिरफ्त में युवा

जब से ग्राम उमरवाही के जंगल में अवैध शराब की बिक्री प्रारंभ हुई है मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के युवा इसे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दो-तीन दोस्त आपस में रकम मिलकर नशे का सेवन कर रहे हैं जो युवा देश के भविष्य हैं वह नशे में चूर होकर अपनी कुर्बानी प्रदान कर रहे हैं।

शराब विक्रेता अर्जुनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब विक्रेता ग्राम अर्जुनी का बताया जा रहा है पर वह स्वयं बिक्री स्थल में नहीं रहता अपितु अपने सहयोगियों के माध्यम से शराब की बिक्री करवाता है।

## क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश

अवैध शराब विक्रेताओं ने जिस जगह को बिक्री स्थल के लिए चुना है ठीक उसके सामने उपविद्युत मंडल कार्यालय उमरवाही है। विद्युत मंडल कार्यालय के पीछे जंगल में महुआ का पेड़ है जहां शराब बिक्री की जाती है। चूंकि विद्युत मंडल में क्षेत्रीय ग्रामीण को विद्युत काम से आना जाना ही पड़ता है पर उन विद्युत उपभोक्ताओं को अब शराबियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश की भावना बढ़ते जा रही है। जो कभी भी जन आंदोलन के रूप में फूट सकती है।

## भाजपा नेता ने कहा मुख्यमंत्री से होगी शिकायत

जिला भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीनदयाल साहू ने प्रतिनिधि के पास क्षेत्र के ग्रामों में हो रही लगातार अवैध शराब बिक्री पर चिंता व्यक्त की है उन्होंने कहा कि शराब पर कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग एवं पुलिस दोनों हैं पर यह दोनों ही विभाग की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में अवैध काम धड़ल्ले से फल फूल रहे हैं। उन्होंने आचार संहिता समाप्त नहीं होने के बावजूद भी क्षेत्र में हो रही अवैध शराब बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराने की बात कही है।

> अभी तक हमारे पास किसी ग्रामीण की शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जावेगी।
>
> **कुसुमलता क्षोले,**
> **जिला सहायक आबकारी अधिकारी**

# नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव



डोंगरगढ़(दावा)। नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम के विरूद्ध भाजपा पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव अन्तर्गत धारा 43 (क.) छ.ग. नगरपालिका अधिनियम 2019 के अन्तर्गत जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दो निर्दलीय पार्षदों के समर्थन से कुल 14 पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, निर्दलीय पार्षद श्रीमती अलका जयेश सहारे शामिल है।

अन्य पार्षदों में वरिष्ठ पार्षद राजेश गजभिए, श्रीमती प्राची सोनी, डीकेश राव, कमलेश धामगए, कुसुम मरकाम, अनीता लोकेश इंदुरकर, काजल डोंगरे, राकेश अग्रवाल, आसिया बेगम, हरीश मोटघरे, शालिनी ताम्रकार शामिल है। जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि, डोंगरगढ़ के नगरपालिका अध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम के विरूद्ध निर्वाचित पार्षद के द्वारा छ.म. नगरपालिका अधिनियम 2019 संशोधन अधिनियम की धारा 43 (क.) के अन्तर्गत अनेक बिन्दुओं पर अविश्वास व्यक्त करते हुए यह अविश्वास प्रस्तुत किया गया है।

## अन्य दलों के पार्षदों से पक्षपात करने का आरोप

भाजपा पार्षदों ने ज्ञापन में कहा है कि,नगरपालिका डोगरगढ़ में अध्यक्ष एक विशिष्ट दल से संबधित है। अध्यक्ष के द्वारा अन्य दल के पार्षदों के साथ पक्षपातपूर्ण कार्य किया जा रहा है। जिससे विपक्षी दल के वार्डों का कार्य निरंतर प्रभावित हो रहा है।

**o नाराज भाजपा पार्षदों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**
**o टेंडर निकालने के पूर्व ही निर्माण कार्य सहित कमीशन खोरी के गंभीर आरोप लगाए भाजपा पार्षदों ने**

## पालिका के सभी विभागों में भारी भ्रष्टाचार

भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि, नगर पालिका में हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। लोक कर्म विभाग में टेंडर मेनेज कर अपने चहेते ठेकेदारों को कार्य आबंटित किया जाकर भारी कमीशन लिया जा रहा है। मशीनरी/निविदा/दुकान आबंटन बिजली सामग्री पेयजल सामग्री स्वच्छता सामग्री आदि सभी विभागों में खरीदी में कमिशन का गंदा खेल खेलकर नगरपालिका को अत्यधिक हानि पहुंचाकर अपनी जेब गर्म करने का कार्य किया जा रहा है।

## सफाई व्यवस्था चौपट, बीमारी का खतरा बड़ा

ज्ञापन में भाजपा पार्षदों ने कहा है कि, नगर में स्थित वार्डो की नालियों एवं सड़कों की सफाई व्यवस्था का दायित्व नगरपालिका का है उक्त संबंध में निरंतर यह देखा जा रहा है कि प्रत्येक वार्ड में स्थित नालियों एवं सड़कों की सफाई व्यवस्था को नजरअंदाज किया जा रहा है जिसमें नगर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त है एवं इस सम्बन्ध में भी नगर में जन आक्रोश है कि नगरपालिका के द्वारा यथोचित कर प्राप्त करने के पश्चात भी उक्त व्यवस्थाओं को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में यह भी लगातार देखा जा रहा है कि अध्यक्ष के द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर नगर की स्वच्छता के संबंध में कोई समुचित योजना नहीं है। और इस पर कि कोई योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन किया जावे अध्यक्ष द्वारा कोई प्रयास नहीं किये जा रहे है। हम सभी के द्वारा बार-बार अवगत अध्यक्ष को करवाया गया बावजूद हमारे वार्डों की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं चल रही है।

## नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक आयोजित नहीं करना

भाजपा पार्षदों ने कहा है कि, नगरपालिका अधिनियम में उल्लेखित नियमानुसार 03 माह में परिषद की समान्य सभा का प्रावधान किया गया है। किन्तु हम सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा बार-बार अवगत कराये जाने के बावजूद समान्य सभा का आयोजन अध्यक्ष के द्वारा नहीं किया गया जिसमे शहर विकास एवं मूलभूत सुविधा से शहर की दिशा में अन्य नगरपालिका की अपेक्षा बहुत पिछड़ गया है। विपक्ष के पार्षदगणों के द्वारा 02 बार विशेष सम्मेलन के लिये पत्र प्रेषित किया गया किन्तु अध्यक्ष के द्वारा आज दिनांक तक सम्मेलन का आयोजन नही किया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति व किस्त वितरण में भ्रष्टाचार

भाजपा पार्षदों ने पालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि, प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त में पहले अपने लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। जिसमे अन्य वार्डों के हितग्राहीयों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनकी किस्त रोककर अपने लोगों को पहले दी जा रही है। अतः उपरोक्त बिन्दुओं को आधारित कर अधोहस्ताक्षरकर्ता पार्षदगण आपके समक्ष उपस्थित होकर एवं इस अविश्वास प्रस्ताव पर अपने हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रदत्त कर निवेदन है कि छ.ग. नगरपालिका अधिनियम जो संशोधन अधिनियम 2019 की धारा 43 (क.) के अन्तर्गत सुदेश कुमार मेश्राम पर अविश्वास व्यक्त करते हुये अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु अग्रिम कार्यवाही किये जाने का निवेदन जिला कलेक्टर से किया गया है।

## दो अन्य पार्षदों का समर्थन जुटाना शेष

नगरीय निकाय चुनाव में 24 वार्ड में 10 में कांग्रेस व 10 में भाजपा के पार्षदों ने जीत हासिल की थी। अध्यक्ष चुनाव के समय निर्दलीय पार्षद अनीता लोकेश इंदुरकर ने भाजपा का समर्थन हासिल कर अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। दो निर्दलीय पार्षदों व भाजपा के एक पार्षद ने कांग्रेस का साथ देकर कांग्रेस का पक्ष मजबूत कर दिया था। किंतु भाजपा की सरकार बनते ही दो निर्दलीय पार्षद ने भाजपा का दमन थाम लिया और भाजपा की स्थिति पालिका में मजबूत कर दी। किंतु पालिका अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में दो अन्य पार्षदों का समर्थन मिलने से ही भाजपा पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सफल हो सकता है।

## कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को किया निर्देशित

बीते दिनों भाजपा पार्षद दल के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के विरूद्ध धारा 43(क) के अन्तर्गत अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु राजनादगांव कलेक्टर को पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है। जिस पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव हेतु पार्षदों के हस्ताक्षर सत्यापन कर भेजने के लिए आदेशित किया है।

## अध्यक्ष सुदेश मेश्राम बोले- मैंने किया चौमुखी विकास

इस पुरे मामले पर नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने पूरे मामले को लेकर कहा कि, मैने शहर में चौमुखी विकास किया है और यह बात डोंगरगढ़ की जनता जानती है। दो निर्दलीय पार्षद उमा महेश वर्मा और अलका सहारे ने भाजपा का दामन संभाला हैं वो खुद अपने वार्डो को देखे सबसे ज्यादा काम इनके वार्डो में ही हुआ है। मैने अपने कार्यकाल में स्टेडियम, रोड, नाली इत्यादि का काम शहर में किया है। ये डोंगरगढ़ की जनता जानती है की मैं भ्रष्टाचारी हूं की नहीं।

# तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण संपन्न

### बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रभावशाली संप्रेषक, सीखने के प्रति उत्साहित करना बालवाड़ी के तीन



छुरिया (दावा)। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रभावशाली संप्रेषक एवं सीखने के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर क्रियान्वयन हेतु तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल छुरिया में रविवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण को कुमर्दा एवं छुरिया दो जोन में विभक्त किया गया था। इस प्रशिक्षण के तहत बालवाड़ी संचालित प्राथमिक शालाओं के कक्षा 1 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए ।

24 से 26 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती शिक्षिका पद्मा लहरे एवं श्रीमती करूणा पाटिल सुपरवाईजर कल्लूबंजारी ने तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में बालवाड़ी संचाालित प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से चर्चा परिचर्चा के साथ रोचक तरीके से संपन्न कराते हुए कहा कि बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बालवाड़ी का लक्ष्य है कि बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रभावशाली संप्रेषक, सीखने के प्रति उत्साहित करना ताकि बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय आकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कहानी, नाटक, गीत के साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत शैक्षिक गतिविधियों ने प्रशिक्षण को रोचकता प्रदान की। इस प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर उपस्थित बीआरसी पी.डी. साहू सर ने बालवाड़ी प्रशिक्षण में आए सभी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने की दृष्टि से बालवाड़ी प्रशिक्षण के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चा खुशी-खुशी स्कूल आए और आनंदमय वातावरण में शिक्षा ग्रहण करें। निश्चित ही बालवाड़ी प्रशिक्षण बच्चों में आनंदमयी एवं नई उर्जा का संचार करेगी। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के सफल क्रियान्वयन में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती कमलावती मरकाम, प्राचार्य धनेश सिन्हा के मागदर्शन सहित संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू, कमल देवांगन, मूलचंद मंडावी, शिक्षक नारायण प्रसाद दिनकर, का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण में बालवाड़ी संचालित प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता की।

# सावधानी और जागरुकता से ही साइबर साइबर ठगी से बच सकते हैं



ठेलकाडीह (दावा)। जागरूकता और सावधानी में कमी के कारण लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं, ठगी के लिए गिरोह नए-नए पैतरे अपना रहे हैं द्य जिससे लोग आसानी से झांसे में आ जाते हैं। कुछ सालों से ऑनलाइन ठगी के मामले ज्यादातर देखने को मिल रहे है, ऑनलाइन मामले में पैसे वापस होने के चांसेस भी बहुत कम होते हैं। ऐसे में जागरूकता और सावधानी ही एक विकल्प है जिससे साइबर ठगी से बचा जा सकता है। इसलिए ठेलकाडीह पुलिस लगातार गांवो में पहुंचकर साइबर ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरुक कर सावधानी रहने के लिए सतर्क कर रहे हैं। मंगलवार को डोम्हाटोला एवं बुंदेलीकला में वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में लोगों को जागरूक जिसमें किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल फर्जी एसएमएस या किसी भी लालच में आकर किसी भी अनजान व्यक्ति को कोई भी बैंक डिटेल या किसी भी जानकारी नहीं देने कहा है प्रतिदिन लोग धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं इसलिए जानकार बनिए और सतर्क रही है स्वयं एवं दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए जानकारी दिया गया जिसमें ठेलकाडीह थाना प्रभारी नेतृत्व में पुलिस स्टॉफ के द्वारा जानकारी दिया गया। इस दौरान एसआई डी एल.सिन्हा, तेजस्वी वर्मा ग्राम के हितेश साहू सेवन साहू, राम खिलावन वर्मा, मोहन वर्मा उपस्थित रहे।

# कैरियर गाइडेंस एवं प्रतियोगी परीक्षाओं को रेखांकित किया - जे.के. वैष्णव



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम काम अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को 28 मई मंगलवार को छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस, नेट सेट, प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की जानकारी दी गई। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने सेमिनार, अतिथि व्याख्यान को शोधकार्य हेतु आवश्यक बताया। छात्र छात्राओं को स्नातकोत्तर परीक्षा पश्चात रोजगार अवसर हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स देते हुए बी.एड., नेट /सेट आदि परीक्षा की जानकारी देते हुए आगामी जीवन में कैरियर बनाने महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया। विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर एम काम अंतिम परीक्षा 28 मई को संपन्न होने पर जानकारी देते हुए प्रतिदिन अध्ययन करने एवं लिखकर पढ़ने को अपने आदतों में शामिल करने कहा। इस अवसर पर एम काम के छात्र जितेन्द्र मात्रे, मधु खिलाड़ी, नीतू चन्द्रवंशी, दुर्गा धुर्वे, सुमन पाल, भारती वर्मा, लक्ष्मी, पूजा, ललिता वर्मा, आरती शर्मा, दामिनी, खिलेन्द, योगेश, नीलकंठ आदि एम काम के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र जितेन्द्र मात्रे एम काम फाइनल ने आभार व्यक्त किया।

# नेहरू महाविद्यालय में बीकॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा





डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा विगत दिनों बीकाम भाग तीन का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

विश्वविद्यालय का परीक्षा परिणाम जहां 85.93 प्रतिशत रहा। वही शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ का परीक्षा परिणाम 64.16 प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के 13 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 36 विद्यार्थी द्वित्तीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की स्वंय सेवक एवं स्वीप ब्रांड अम्बेसडर कु. निकिता गुप्ता द्वारा कुल 1800 अंको में 1219 अंक प्राप्त कर 67.72 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वित्तीय स्थान कु. डिम्पल कोसरे ने कुल 1207 अंक प्राप्त कर 67.05 प्रतिशत एवं कु. भावना ने 1202 अंक प्राप्त कर 66.77 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**स्वीप ब्रांड अम्बेसडर कु. निकिता गुप्ता प्रथम**

प्रथम स्थान पर रही कु. निकिता गुप्ता महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) ईकाई की स्वयं सेविका होने के साथ-साथ जिला निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप ब्रांड अम्बेसडर का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता प्रदान करती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.वी रेवती एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू सहायक प्राध्यापक, श्रीमती ज्योति साहू अतिथि सहायक प्राध्यापक देती हैं। उसी प्रकार से द्वित्तीय स्थान कु. डिम्पल कोसरे एवं तृतीय स्थान प्राप्त कु. भावना ने अपना श्रेय अपने माता- पिता एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगणो को दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.ई.वी रेवती के द्वारा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सुरगी में रंग छत्तीसगढ़ महोत्सव आयोजित




सुरगी (दावा)। आदर्श गांव सुरगी में लोक सांस्कृतिक संस्था रंग छत्तीसगढ़ सुरगी के बैनर तले लोक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सिया राम मानस परिवार सुरगी की प्रस्तुति से हुआ, जिसमें मानस मर्मज्ञ हरभजन सिंह भाटिया ने अपनी सारगर्भित व्याख्या से जन समुदाय को प्रभावित किया एवं मानस से सीख लेने की अपील की। मानस मंडली द्वारा भजन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इसमें दिनेश वर्मा एवं खिलेश यादव ने शीतला माई, दुरूग के चण्डी माई वंदना के साथ ही राम ददरिया, बांसगीत और फाग गीत से ऐसा समां बांधा कि बड़ी संख्या में दर्शक वर्ग आनंदविभोर हो गए। कोटराभांठा के युवा लोक गायक जीतू साहू छत्तीगढ़िया ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के साथ ही श्रृंगारिक गीत से जन समुदाय को प्रभावित करने में सफल रहे। फिर आयोजक समिति रंग छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने संचालक खुमेश कुमार साहू के संयोजन में सरस्वती वंदना, धरती वंदना के साथ ही कर्मा, सुआ, ददरिया, राऊत नाच, जसगीत, रिलो, पंथी नृत्य इत्यादि की शानदार प्रस्तुति देकर देर रात्रि तक दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन करते रहे। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन रंग छत्तीसगढ़ के उद्घोषक गणेश यदु ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच आनंद साहू, उपसरपंच सन्नी साहू, त्रिलोकचंद पारख, मूलचंद जैन, मनाजीत मटियारा जसगीतकार, भेखदास साहू, सुकृत दास साहू, हेमंत साहू, नरोत्तम साहू, बेनी राम साहू, नरेश निर्मलकर, कमलेश ठेकेदार एवं अन्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों के साथ ही स्थानीय लोक कलाकारों, साहित्यकारों, सेना के जवानों और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित लोककलाकारों, साहित्यकारों में मानस मर्मज्ञ हरभजन सिंह भाटिया, मनाजीत मटियारा जसगीतकार, गायक डालू प्रसाद दुबे जसगीतकार हेमनाथ साहू, राम अवतार साहू, जशवंत कुमार चतुर्वेदी तबला वादक, जसगीतकार बमभोला, साहित्यकारों में ओमप्रकाश साहू अंकुर, फागू दास कोसले, धर्मेंद्र पारख मीत, दिलीप साहू अमृत, फकीर प्रसाद साहू फक्कड़, बलराम सिन्हा रब, गोपाल यादव, कैलाश साहू, याद दास साहू, रोहित कुमार साहू, रीमन कुमार साहू, राम खिलावन साहू, डॉ. एस कुमार साहू , डोहर दास साहू, वृक्ष मित्र महेश सिन्हा, अनिल तिवारी, सेना के जवानों में गुणेश निषाद, सुनील सिन्हा एवं अन्य लोग सम्मिलित है।

**0 लोककलाकारों की शानदार प्रस्तुति**
**0 लोक कलाकारों, साहित्यकारों के साथ ही अन्य प्रतिभावान लोग सम्मानित**

रंग छत्तीसगढ़ महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालक खुमेश कुमार साहू, उद्घोषक गणेश यदु, खिलेश कुमार साहू, जितेंद्र निर्मलकर, भागवत साहू, रोशन साहू, भागवत वर्मा, पप्पू साहू, विशाल सेन, देवेन्द्र यादव, करण साहू, लोकनाथ साहू, थानेश दीपक, मलेश साहू, जितु यादव, अनिल तिवारी का योगदान सराहनीय रहा।

# अधोसंरचना, विकास कार्यो के लिए बनायें वृहद कार्य योजना-कलेक्टर एस जयवर्धन



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारीयों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ ही विभागीय कार्ययोजना और कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिले में विकास कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना, विकास कार्यों, सड़क पुल-पुलिया निर्माण के लिए विभागीय वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुआ कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी आने वाले 5 साल 10 साल व 30 साल के विकास पर आधारित वृहद कार्ययोजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्यों, निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति व निर्धारित समय का पालन नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर किया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी मंगाया है। जिला मुख्यालय मोहला के सड़कों को लेकर उन्होंने आने वाले बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त होने की दशा में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी निर्धारित समय में वास्तविक तथ्यों के साथ चाही गई जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आरटीआई कार्यकर्ताओं के द्वारा जो जानकारी चाही गई है, उसे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को जवाबदारी के साथ लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**o लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जतायी नाराजगी**
**o सूचना का अधिकार अधिनियम अंतर्गत मांगी गई जानकारी वास्तविक तथ्यों के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश**

## पहला कॉलम...

### पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 से बाहर हुए जोस बटलर

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने 4 टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 23 रनों से हराया. इंग्लैंड की जीत के हीरो कप्तान जोस बटलर रहे. जोस बटलर ने 51 गेंदों पर 84 रनों की पारी खेली. उन्होंने अपनी ताबड़तोड़ पारी में 8 चौके और 3 छक्के जड़े. इस शानदार पारी के लिए जोस बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया. बहरहाल, दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा. लेकिन इससे पहले इंग्लैंड के लिए बुरी खबर सामने आ रही है है. दरअसल, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर चोटिल हो गए हैं, लिहाजा, वह तीसरे टी20 मैच का हिस्सा नहीं होंगे. इससे पहले मंगलवार को जोस बटलर प्रैक्टिस सेशन में नहीं उतरे. पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 का हिस्सा जोस बटलर नहीं होंगे, लेकिन क्या चौथे टी20 में खेलेंगे? इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच सीरीज का चौथा टी20 30 मई को केनिंगटन ओवल में खेला जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी20 का हिस्सा जोस बटलर नहीं होंगे. दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड टीम 31 मई को रवाना होगी. इन खिलाड़ियों में जोस बटलर भी होंगे. लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि जोस बटलर चौथे टी20 मैच में नहीं खेलेंगे.

### शेयर मार्केट में आई बड़ी गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद

नई दिल्ली। भारतीय स्टॉक मार्केट ने मंगलवार को दिन की शुरुआत बढ़त के साथ की थी. बीएसई का सेंसेक्स 194.90 अंकों की बढ़त के साथ 75,585 के लेवल पर खुला था. उधर, एनएसई का निफ्टी भी 44.70 अंकों की तेजी के साथ 22,977 के स्तर पर ओपन हुआ था. मगर, कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए हैं. सेंसेक्स 220.05 प्वॉइंट गिरकर 75,170.45 अंकों पर बंद हुआ. निफ्टी भी 41.05 अंक लुढ़ककर 22891.40 प्वॉइंट पर क्लोज हुआ.

सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए हैं. निफ्टी पर सबसे ज्यादा नुकसान में जाने वाले शेयर अडानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, कोल इंडिया, अडानी इंटरप्राइजेज और ओएनजीसी के रहे. मंगलवार को टॉप गेनर्स की लिस्ट में डिवीज लैबोरेट्रीज, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और हीरो मोटो कॉर्प ने जगह बनाई है. उधर, सेंसेक्स पर हैटसन एग्रो, 3 एम इंडिया, गारवेयर फाइबर, हिन्दुस्तान आयल एक्सप्लोरेशन और प्रिज्म जॉनसन टॉप गेनर्स रहे और टॉप लूजर्स की लिस्ट में आईनॉक्स विंड, सोम डिस्टलरीज, एल्जी इक्विपमेंट्स, भारत डायनामिक्स और इंडियबुल्स का नाम आया है.

### पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को मिली मौत की धमकी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन को डॉनल्ड ट्रंप चुनौती दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच कड़ी टक्कर है। पिछले कुछ सालों में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का कई विवादों से नाता रहा है। वो यौन संबंध से जुड़े आरोपों से भी घिरे हुए हैं।

दरअसल, अमेरिकी पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने पूर्व राष्ट्रपति पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्टॉर्मी ने दावा किया कि यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए ट्रंप ने उन्हें पैसे दिए थे। ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, पॉर्न स्टार के इस आरोपों को ट्रंप और उनके समर्थक बेबुनियाद बताते हैं। ट्रंप के खिलाफ आवाज उठाने की वजह से स्टॉर्मी को कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, उन्होंने दावा किया है कि ट्रंप के राज खोलने के बाद उनके खिलाफ गोल्ड डिगर, फ्रॉड और कई भद्दी बातें कही जाती है। सबसे बड़ी परेशानी ये है कि अब उन्हें जान से मारने की धमकी भी मिल रही है।

### हादसा, जीप के खड्ड में गिरने से एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक जीप के खड्ड में गिर जाने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने कहा कि यह घटना सोमवार देर रात प्रांत के शांगला जिले में हुई, जहां एक जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और पुरुष चालक शामिल हैं। यह सभी एक रिश्तेदार को देखकर घर लौट रहे थे। खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने सभी शवों को खड्ड से निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। उसके बाद उन्हें रिश्तेदारों को सौंप दिया जाएगा।

# वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका का किया सूपड़ा साफ



तीसरे टी20 में 8 विकेट से हराया

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने तीसरे टी20 में साउथ अफ्रीका को हरा दिया है. वान डुर डुसैन की कप्तानी वाली साउथ अफ्रीकी टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. इस तरह वेस्टइंडीज ने 3 टी20 मैचों की सीरीज में साउथ अफ्रीका को 3-0 से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रनों का स्कोर बनाया. जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने महज 13.5 ओवर में 2 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया.

वेस्टइंडीज ने पहले टी20 में साउथ अफ्रीका को 28 रनों से हराया था. इसके बाद दूसरे टी20 में साउथ अफ्रीकी टीम 16 रनों से हारी. वहीं, अब वेस्टइंडीज ने तीसरे टी20 में साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया. बहरहाल, इस तरह वेस्टइंडीज ने 3 टी20 मैचों की सीरीज में साउथ अफ्रीका का सूपड़ा साफ कर दिया है.

तीसरे टी20 की बात करें तो साउथ अफ्रीकी कप्तान वान डुर डुसैन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रनों का स्कोर बनाया. साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान वान डुर डुसैन ने सबसे ज्यादा 31 गेंदों पर 51 रन बनाए. वियान मुल्डर ने 28 गेंदों पर 36 रनों का योगदान दिया. लेकिन इसके अलावा अधिकतर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने निराश किया. वेस्टइंडीज के लिए औबेड मैकॉय ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. शेमर जोसेफ और गुडाकेश मोटी को 2-2 कामयाबी मिली.

साउथ अफ्रीका के 163 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी रही. वेस्टइंडीज के ओपनर ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने पहले विकेट के लिए 6.4 ओवर में 92 रन जोड़े. ब्रैंडन किंग 28 गेंदों पर 44 रन बनाकर पवैलियन लौटे. वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 26 गेंदों पर 69 रनों का योगदान दिया. काइली मेयर्स 23 गेंदों पर 36 रन बनाकर नॉटआउट लौटे. इस तरह साउथ अफ्रीका ने महज 13.5 ओवर में 2 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया.

## भारत ने पापुआ न्यू गिनी के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता का किया एलान

नई दिल्ली। पापुआ न्यू गिनी में भारी भूस्खलन के कारण तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। इस दौरान कई देशों ने पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। वहीं, भारत ने भी पापुआ न्यू गिनी के लिए मदद की घोषणा की है।

बता दें कि भारत ने मंगलवार को पापुआ न्यू गिनी के लिए राहत और सहायता प्रदान करने के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल वित्तीय सहायता की घोषणा की है। 24 मई को द्वीप राष्ट्र के एंगा प्रांत में भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग दब गए और इस दौरान बड़ी तबाही हुई। इस देश की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भूस्खलन में 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की और कठिनाई के समय में प्रशांत द्वीप देश को हर संभव समर्थन और सहायता देने के लिए भारत की तत्परता से अवगत कराया।

इसमें कहा गया है, फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार के रूप में और पापुआ न्यू गिनी के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में, भारत सरकार 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए सहायता प्रदान करती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत इस कठिन समय में पापुआ न्यू गिनी के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## वनडे फॉर्मेट को अलविदा कहेंगे मिचेल स्टार्क!

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आईपीएल टाइटल जीता. कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का अहम योगदान दिया. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिचेल स्टार्क ने 3 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए. इस शानदार प्रदर्शन के लिए मिचेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया. बहरहाल, इसके बाद मिचेल स्टार्क ने अपने करियर और रिटायरमेंट पर बात रखी.




मिचेल स्टार्क ने कहा कि पिछले तकरीबन 9 सालों से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को तवज्जो देता रहा, आईपीएल खेलता रहा, इसके अलावा अपनी वाइफ को वक्त देता रहा. मिचेल स्टार्क आगे कहते हैं कि मैं निश्चित तौर पर अपने रिटायरमेंट के करीब हूं, किसी एक फॉर्मेट को अलविदा कह सकता हूं. दरअसल, वनडे वर्ल्ड कप में काफी वक्त है, लिहाजा मुझे नहीं पता कि उस वक्त हालात क्या होंगे? क्या मैं खेल पाउंगा या नहीं... लेकिन फ्रैंचाइज क्रिकेट निश्चित तौर पर खेलता रहूंगा, लेकिन वनडे फॉर्मेट को अलविदा कहना पड़ सकता है. साथ ही उन्होंने कहा कि आईपीएल में खेलने का फायदा टी20 वर्ल्ड कप में मिलेगा. इस टूर्नामेंट में खेलना यादगार अनुभव रहा. इस सीजन मिचेल स्टार्क ने 13 मैचों में 26.12 की एवरेज से विपक्षी टीम के 17 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया.

## ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज जो बर्न्स ने किया देश छोड़ने का ऐलान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज जो बर्न्स ने अपने करियर को लेकर बड़ा फैसला लिया है। जो बर्न्स ने खुलासा किया है कि वह अपने शानदार क्रिकेट करियर में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। बता दें बर्न्स को फरवरी में एडिलेड में साउथ ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाले शेफील्ड शील्ड के आठवें राउंड के मुकाबले के लिए क्वींसलैंड के लिए नहीं चुना गया था। इसके कुछ ही समय बाद अपने भाई का निधन हो गया था। फिर अप्रैल में बर्न्स को क्वींसलैंड की 2024-25 की अनुबंध सूची से बाहर कर दिया गया था और अब उन्होंने दूसरे देश के लिए खेलना का ऐलान किया है। जो बर्न्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वह आगामी 2026 टी 20 वर्ल्ड कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए इटली की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलेंगे और वह अपने दिवंगत भाई को सम्मानित करते हुए अपनी खेल शर्ट पर नंबर 85 पहनेंगे। बर्न्स ने लिखा कि यह सिर्फ एक नंबर नहीं है और यह सिर्फ एक जर्सी नहीं है। यह उन लोगों के लिए है, जिनके बारे में मुझे पता है कि वे ऊपर से गर्व से नीचे देख रहे होंगे। इस साल फरवरी में मेरे भाई का दुखद निधन हो गया। 85 उनका आखिरी नंबर था, जब वह सब-डिस्ट्रिक्ट में नॉर्दर्न फेडरल्स के लिए खेले थे (और उनका जन्म वर्ष भी यही था)।

## फ्रेंच ओपन : भारत के सुमित नागल को मिली हार

नई दिल्ली। भारत के स्टार प्लेयर सुमित नागल को फ्रेंच ओपन 2024 के अपने डेब्यू मैच में ही रूस के कारेन खाचनोव के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। खाचनोव के अनुभव के आगे सुमित नागल टिक नहीं पाए। विश्व रैंकिंग में 95वें नंबर पर काबिज नागल के पास खाचनोव की दमदार सर्विस और करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने तीसरे सेट में जरूर शानदार खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद वह पहले दौर में 2-6, 0-6, 6-7 (5-7) से हार गए।



सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 31वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर चौंका दिया था लेकिन लाल बजरी पर वह अपना यह करिश्मा नहीं दोहरा पाए। मैच से पहले बारिश आने के कारण कोर्ट थोड़ा धीमा हो गया था जो लंबी रैलियों के लिए आदर्श था। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह खाचनोव थे जिन्होंने तीसरे गेम में नागल की सर्विस तोड़ी। इसके बाद बारिश के कारण 21 मिनट तक खेल रुका रहा। मैच शुरू होने पर रूसी खिलाड़ी ने जबरदस्त खेल दिखाया और नागल को पस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खाचनोव ने दोनों छोर से शॉट लगाए और ऐसे में भारतीय खिलाड़ी के लिए अंक बनाना मुश्किल हो गया। पहले सेट के सातवें गेम में सुमित नागल एक समय 30-0 से आगे थे लेकिन खाचनोव ने लगातार चार अंक बनाकर दूसरा ब्रेक प्वाइंट लिया। रूसी खिलाड़ी ने इसके बाद अगले गेम में फोरहैंड विनर लगाकर पहला सेट अपने नाम किया। नागल को दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पहले गेम में ही अपनी सर्विस गंवा दी।

## 31 को होगी सरकारी बॉन्ड की नीलामी

नई दिल्ली ,28 मई । वित्त मंत्रालय ने 31 मई को मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली नीलामी के जरिए तीन लॉट में 29,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की बिक्री की घोषणा की।

पहले लॉट में कई मूल्य विधियों का उपयोग करके उपज-आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ की अधिसूचित राशि के लिए नई सरकारी प्रतिभूति 2029 शामिल है। 6,000 करोड़ रुपये मूल्य की न्यू जीओआई एसजीआरबी 2034 की दूसरी खेप भी मल्टीपल प्राइस पद्धति का उपयोग करके नीलाम की जाएगी, जबकि 11,000 करोड़ मूल्य की 7.34 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2064 का तीसरा सेट मल्टीपल मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलाम किया जाएगा।




सरकार के पास तीनों प्रतिभूतियों में से प्रत्येक के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का पांच प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा।

नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 31 मई, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। और सुबह 11 बजे और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच पेश की जानी चाहिए। नीलामी का परिणाम 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को घोषित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान 3 जून, 2024 (सोमवार) को किया जाएगा।

## अमेरिका रवाना हुई राजस्थान रॉयल्स की 'तिकड़ी'

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स की तिकड़ी युजवेंद्र चहल, आवेश खान और यशस्वी जायसवाल सोमवार को मुंबई से अमेरिका के लिए रवाना हुए। राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालीफायर में सफर समाप्त हुआ, जहां उसे सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। आरआर के खिलाड़ियों ने अमेरिका रवाना होने से पहले छोटा ब्रेक लिया। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने अलग से न्यूयॉर्क की उड़ान भरी और इसकी जानकारी ने उन्होंने अपने फैंस को सोशल मीडिया के जरिये दी। पता हो कि यह सभी खिलाड़ी न्यूयॉर्क पहुंचने वाले दूसरे जत्थे का हिस्सा रहे। वैसे, कप्तान रोहित शर्मा सहित कई खिलाड़ी पहले ही न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं।

## रियान पराग की यूट्यूब हिस्ट्री लीक, पर उठा विवाद

नई दिल्ली। रियान पराग ने आईपीएल 2024 में बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया. राजस्थान रॉयल्स के मिडिल ऑर्डर बैटर सीज़न में बतौर अनकैप्ड प्लेयर सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे. रियान ने अपने दमदार प्रदर्शन से खूब सुर्खियां बटोरीं. लेकिन अब वह अपनी यूट्यूब हिस्ट्री को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं. यूट्यूब हिस्ट्री ने रियान पराग के लिए नया विवाद खड़ा कर दिया है. रियान की यूट्यूब सर्च हिस्ट्री पर बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे और सारा अली खान का नाम दिखाई दिया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रही हैं. लेकिन आखिर अचानक यह सब कैसे सामने आया?



दरअसल, रियान पराग एक गेमिंग चैनल भी चलाते हैं, जिसमें वह लाइव स्ट्रीमिंग करते हैं. इसी लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान पराग यूट्यूब पर कॉपीराइट फ्री म्यूज़कि तलाश कर रहे थे. जैसे ही वह सर्च बॉक्स पर क्लिक करते हैं, वैसे ही उनकी सर्च हिस्ट्री में बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे और सारा अली खान का नाम दिखता है और उसके आगे हॉट लिखा होता है. बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है कि जब पराग का नाम किसी विवाद में सामने आया है. इससे पहले अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर और मैदान पर कुछ अजीब हरकते करने के चलते भी वह विवादों में घिर चुके हैं.

## प्रथम पेज का शेष

***देश में गर्मी का कहर....***

और उत्तर प्रदेश में झांसी (49) में तापमान में भारी उछाल देखा गया। रात में तापमान ज्यादा रहने की संभावना- मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में अलग-अलग हिस्सों में गर्म रात की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इस बीच चिलचिलाती गर्मी के कारण हरियाणा सरकार ने सरकारी और निजी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां मंगलवार तक के लिए बढ़ा दी हैं।

***टीएमसी और सुशासन का...***

आपको माइक्रोस्कोप से भी बंगाल में सुशासन नहीं मिलेगा। टीएमसी केवल अपने वोट बैंक के लिए काम करती है और राज्य के युवाओं के लिए कभी कुछ नहीं कर सकती। पार्टी के पास कोई विजन नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी आपको गरीब और पिछड़ा बनाए रखना चाहती है ताकि उनका कारोबार चलता रहे।

***जी मीडिया ग्रुप पंजाब में बैन...***

और कहा जा रहा है कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है। 'आप' में इंदिरा गांधी की आत्मा घुस गई- वहीं जदयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि आप का जन्म मीडिया की फेवरिट संस्था के रूप में हुआ था, रामलीला मैदान में संघर्ष के दौरान मीडिया उन्हें खूब कवर करता था। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर खतरा बताते हुए याद किया कि वो खुद आपातकाल के भुक्तभोगी रहे हैं। वहीं भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये आप की असलियत को दिखाता है। वहीं भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा कि 'आप' में इंदिरा गाँधी की आत्मा घुस गई है।

***इंडिया गठबंधन की सरकार में ...***

इसके अलावा संविधान के हिसाब से देश को चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी बातें ज्यादा करते हैं लेकिन काम कम करते हैं। श्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का वादा किया था लेकिन भाजपा में 'सबका साथ, सबका सत्यानाश' किया है। उन्होंने कहा कि वह श्री मोदी के या फिर किसी पार्टी के खिलाफ नहीं है, बल्कि एक विचारधारा के खिलाफ हैं, जो कि देश के संविधान को बदलने पर तुली है, और तानाशाही की सरकार चला रही है, इसीलिये अब इंडिया गठबंधन की सरकार देश के संविधान को बचाने के लिये एक मंच पर आयी है।

***बेमेतरा ब्लास्ट पर पूर्व सीएम ने बीजेपी.....***

उन्होंने लिखा कि इस दिल दहलाने वाली घटना में मृतकों के शरीर के चीथड़े उड़ गए हैं। शरीर के अंगों को पॉलीथिन में जमा करके डीएनए जाँच के लिए भेजा गया है, लेकिन इतने भयावह हादसे के बाद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

***छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कालेजों में ...***

बालाजी में पीजी कोर्स की 23 सीटों की मिली मान्यता- जानकारी के मुताबिक एनएमसी की तरफ से बालाजी मेडिकल कालेज में पीजी पाठ्यक्रम को मान्यता दे दी है। इसके मुताबिक 23 सीटों में पीजी की पढ़ाई होगी। स्किन और बायो केमेस्ट्री में चार-चार, मेडिसिन में आठ, पीएसएम में पांच, इमरजेंसी मेडिसिन में दो सीटें शामिल है।अभी तक प्रदेश में पीजी की 405 सीटें थी, अब बढ़कर 428 हो गई है।

***छत्तीसगढ़ सरकार ने ई-वे बिल पर दी ...***

जिसमें माल को खरीदने की जगह के साथ कहां ले जाया जा रहा है। इसका जिक्र होता है। ई-वे बिल में माल के पहुंचने की समय-सीमा भी निर्धारित होती है। सभी डीलरों को सामान के साथ ई-वे बिल रखना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, ई-वे बिल के प्रावधानों को अन्य राज्यों में पहले ही लागू किया जा चुका है। इसे लागू करने का पहले से ही निर्देश रहा है। इसमें छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए अब 50 हजार रुपये मूल्य से अधिक के गुड्स का परिवहन करने पर ई-वे बिल जेनरेट करना आवश्यक किया गया है। छोटे व्यापारियों को किसी भी तरह की समस्या न हो, इसका ध्यान दिया जा रहा है।

***चक्रवाती तूफान 'रेमल' का कहर जारी...***

बारिश के कारण अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान पुतुल गोगोई और कौशिक बारदोलई के रूप में हुई है। लखीमपुर जिले में निर्माणाधीन एनएचपीसी की लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पुतुल की मौत हुई। वहीं मोरीगांव जिले में आटो-रिक्शा पर पेड़ गिरने से छात्र कौशिक बोरदोलोई की मौत हो गई। आटो-रिक्शा पर सवार चार अन्य लोग घायल हैं। सोनितपुर जिले में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से 12 बच्चे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## टी20 विश्व कप में गेंदबाजों की हो सकती है चांदी, आईपीएल के विपरीत बल्लेबाजों पर हो सकते हैं हावी

नई दिल्ली। आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।




**विश्व कप में नहीं होगा इम्पैक्ट खिलाड़ी का नियम**

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इम्पैक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था- यहां (आईपीएल में) इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम है और टी20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल किया था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि टी20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा। आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था।

# हर वक्त फोन से चिपके रहने की आदत कैसे छुड़ाएं?



आज के समय में कई लोग स्मार्टफोन पर अपना बहुत ज्यादा समय बर्बाद करते हैं. यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको फोन के बेवजह इस्तेमाल से बचाएंगे.

आज के टाइम में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है. हम जहां भी जाते हैं, हर जगह स्मार्टफोन लेकर जाते हैं. स्मार्टफोन से हमारे कई काम आसान होते हैं.

स्मार्टफोन से हर काम आसान तो होता है, लेकिन हर वक्त फोन चलाने के कई नुकसान भी हैं, जो कि हमारी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर बुरा असर डालते हैं.

अगर आप भी हर वक्त अपने फोन से चिपके रहते हैं तो यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जिससे आप अपने फोन को लिमिट के हिसाब से ही यूज कर पाएंगे. सबसे पहले आपके लिए यह जानना जरूरी है कि आपको अपने फोन को चलाने के लिए कुछ बाउंड्रीज सेट करनी होंगी. जैसे अगर आप खाना खा रहे हैं तब फोन का इस्तेमाल न करें.

दूसरा आपके लिए स्क्रीन टाइम लिमिट बेहद जरूरी है. कभी-कभार ऐसा होता है कि आप लगातार फोन का इस्तेमाल करते रहते हैं और आपको पता भी नहीं रहता कि आपके कितने घंटे फोन चलाया है. ऐसे में स्क्रीन टाइम सेट करना भी आपके लिए बेहद जरूरी है.

तीसरा जब भी फोन का इस्तेमाल करें तो अपने दिमाग में ये बात रखें कि हम जो काम करने जा रहे हैं क्या वो वाकई जरूरी है. अनावश्यक रूप से हर वक्त फोन में घुसे रहने की आदत छोड़ दें. इस तरह आप बेवजह स्क्रॉलिंग से भी बचेंगे और खुद के साथ ज्यादा टाइम बिता पाएंगे.

चौथा टिप आपके लिए यह है कि डिजिटल की जगह रियल कनेक्शन बनाने पर ज्यादा गौर करें. चाहे वो किसी दोस्त के साथ कॉफी पीना हो या फिर किसी अपने से मिलना हो. इस तरह डिजिटल की बजाय रियल कनेक्सन पर जोर दें.

इसके अलावा आप अपने घर में कुछ ऐसे जोन बना सकते हैं, जहां आप अपने फोन का इस्तेमाल न करें. उदाहरण के लिए चाहे वो डाइनिंग एरिया हो या फिर बेडरूम. ये आप अपने हिसाब से तय कर सकते हैं कि आप कहां फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहते.

छठा टिप्स आपके लिए यह है कि कुछ दिन ऐसे भी सेलेक्ट करें जिसमें आप दूसरी एक्टिविटीज पर ज्यादा ध्यान दें. जैसे पढ़ना, एक्सरसाइज करना और अपनी हॉबीज का ख्याल रखना. इस तरह आप अपने हिसाब से इसे चुन सकते हैं.

इसके अलावा आपके लिए सेल्फ रिफ्लेक्शन भी बेहद ज्यादा जरूरी है. इसमें आप ये जान सकते हैं कि आप फोन से किस तरह से जुड़े हुए हैं और आपका इस पर क्या प्रभाव पड़ रहा है.



# कहीं आप नकली दवा तो नहीं खा रहे ?

जब भी हम बीमार पड़ते हैं तो हमें दवा तो लेनी ही पड़ती है, लेकिन क्या आपको पता है कि वही दवाई जिसे आप ठीक होने के लिए ले रहे हैं, नकली हुई तो क्या होगा ? ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है।

आजकल अलग-अलग तरह की बीमारियां फैल रही हैं। आम सर्दी जुखाम होने पर लोग मेडिकल स्टोर से ही दवा ले आते हैं, लेकिन यह चीज़ लोगों को काफी भरी पड़ सकती है। जान लें कि अगर आपकी दवा की पैकिंग पर एक निशान नहीं है तो वह नकली हो सकती है। चलिए जान लेते हैं कि नकली दवाओं की पहचान कैसे करें

आपको ऑनलाइन या मेडिकल स्टोर से दवा खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान ज़रूर रखना चाहिए। जैसे जब भी आप दवा लेने जाएं तो उस पर लगा क्यूआर कोड ज़रूर देख लें।

अगर दवाई पर क्यूआर कोड नहीं है तो वह नकली हो सकती है।

क्यूआर कोड स्कैन पर मिलेगी सारी जानकारी

क्यूआर कोड खास तरह का यूनिक कोड होता है, जो दवा से जुड़ी सारी जानकारी एक स्कैन पर दे देता है। आप इस क्यूआर कोड को अपने डिवाइस या मोबाइल फोन से स्कैन करें। स्कैनिंग के बाद आपको दवा से जुड़ी सारी जानकारी आपके डिवाइस में मिल जाएगी। नियम तो यह कहता है कि 100 रुपये से ऊपर की सभी दवाओं पर क्यूआर कोड ज़रूर लगा होना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो सलाह यही है कि वह दवाई न खरीदें।

नकली क्यूआर कोड बनाना बड़ा मुश्किल

दरअसल, यह क्यूआर कोड एडवांस वर्जन वाला होता है, जिसमें जानकारी सेंट्रल डेटाबेस एजेंसी से डाली जाती है। हर दवाई के पत्ते या पैकिंग पर अलग-अलग क्यूआर कोड होता है, इसलिए इस कोड को कॉपी कर पाना काफी मुश्किल है।

ऐसे में आगे से आप जब भी दवा खरीदें तो यह क्यूआर कोड ज़रूर देख लें, क्योंकि नकली दवा आपके लिए घातक हो सकती है।

# धरती पर पहले संतरा आया या फिर उसका बीज?

धरती के विकास के साथ हमेशा एक सवाल आता है कि पहले पेड़ आया था या पहले बीज आया था. आज हम आपको बताएंगे कि धरती पर सबसे पहले पेड़-पौधे आए थे या बीज आए थे. जानिए साइंस क्या कहता है. संतरा धरती पर लाखों प्रजाति के पेड़-पौधे मौजूद है. लेकिन जब सवाल होता है कि धरती पर पहले पेड़ आया या बीज तो अधिकांश लोग इस सवाल का जवाब नहीं दे पाते हैं. क्या आप जानते हैं कि पहले संतरा आया था या उसका बीज आया था. आज हम आपको बताएंगे कि धरती पर सबसे पहले पेड़ कैसे आया था. पेड़-पौधा बता दें कि पेड़-पौधे पृथ्वी पर जीवन के विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं. दरअसल बीज शब्द का अर्थ पेड़ पौधों के लिए ही उपयोग में लाया जाता है, लेकिन साहित्य में बीज शब्द उद्गम बिंदु के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है. लेकिन हमेशा लोगों के मन में ये सवाल आता है कि आखिर पृथ्वी पर पौधों का पहला बीज कहां से आया था. अब सोचकर देखिए आप की बिना बीज के पेड़ नहीं आ सकता है और बिना पेड़ के बीज नहीं आ सकता है. इसे भी जीवन का उद्भव या विकास कहते हैं. इस लंबी प्रक्रिया में समय के साथ जीवों में बदलाव होते हैं, जिन्हें जीव बदलते परिवेश में सही तरह से ढलने के लिए लाते हैं. इसी तरीके से खुद बीजों के विकास की भी अपनी कहानी है. पेड़ पौधों ने बीजों के जरिए खुद को फैलाने का काम 38.5 से 36.5 करोड़ साल के बीच में शुरू किया था. यानी कि बीजों के अस्तित्व में आने से पहले ही पेड़-पौधों का अस्तित्व मौजूद था. बीजों के आने से पहले पौधे बीजाणुओं का उपयोग करते थे, जिन्हें स्पोर्स कहते हैं. आज भी शैवाल, काई, फर्न जैसे पादपों में अब भी बीजाणु होते हैं. ये महीन भूरे कण फर्न पत्तियों के नीचे पाए जाते हैं. लेकिन ये बीच से कुछ मायनों में अलग होते हैं. बीजाणु केवल एक ही कोशिका के होते हैं, जबकि बीज में बहुत सारी कोशिकाएं होती हैं और विभिन्न कोशिकाओं की अलग-अलग भूमिका भी होती है. जहां बीजाणु केवल एक ही पौधे से पैदा होते हैं, वहीं बीज के बनने में दो पौधों का योगदान होता है. यानि एक बार अंकुरित होने की बाद बीज अपने अभिभावकों की तरह से पनप सकता है. लेकिन बीजाणुओं की उससे पहले लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. पेड़ से दूर होने पर उन्हें हरी कोशिकीय प्लेट के रूप में विकसित होना होता है, जिसे गैमोटोफाइट कहते हैं. पौधे के रूप में पनपने के लिए दो गोमोटोफाइट का मिलना होता है. पहला बीज कौन सा ? वैज्ञानिकों के मुताबिक वास्तव में एल्क्सिनिया पॉलोर्फा नाम का विलुप्त फर्न है, जो पौधों ने पहले बीज के तौर पर उपयोग किया था. इस पौधे में एक कप की तरह का हिस्सा होता है, जिसे कपल्स कहते हैं. ये बीज का विकसित होते समय संरक्षण करता था. ये कपल्स पौधे की शाखाओं के साथ बढ़ते हैं. अब तो बीज या तो फल के या फिर देवदार के पेड़ के कठोर शंकु के अंदर होते हैं. दरअसल बीज का विकास इसलिए हुए था कि उनसे पौधों को पनपने में बेहतर मदद मिल सके. उन पर कठोर आवरण भी होता है, जिससे बीज लंबे समय तक सुरक्षित भी रह पाते हैं. वहीं ये मौसम की विपरीत स्थितियों को भी झेल सकते हैं.



# क्या मछली के तेल से बनती है लिपस्टिक?



लिपस्टिक लिपस्टिक आम से लेकर खास तक हर महिला अपने मेकअप प्रोडक्ट में इसका इस्तेमाल करती है. यदि कोई मेकअप का शौकीन न हो तब भी उसे लिपस्टिक लगाना तो पसंद होता ही है. मार्केट में कितने प्रकार के लिपस्टिक शेड्स उपलब्ध हैं इसका तो अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता, लेकिन बहुत ही कम लोग जानते हैं कि आखिर लिपस्टिक बनाई किस प्रोडक्ट से जाती है ? क्या इसमें मछली के तेल का इस्तेमाल किया जाता है ? चलिए जान लेते हैं. लिपस्टिक बनाने के लिए किया जाता है मछली के तेल का इस्तेमाल ? ये बात सच के कि लिपस्टिक में कई बार मछली के तेल का भी इस्तेमाल होता है. दरअसल लिपस्टिक बनाने के लिए कई बार शार्क लिवर ऑयल (स्क्वेलीन) और मछली स्केल (गुआनिन) शामिल किए जाते हैं, जिनका उपयोग नमी और चमक बढ़ाने के लिए किया जाता है. इसके अलावा लिपस्टिक में मोम, पिगमेंट्स, फ्रैग्रेंस, ग्लोस जैसी चीजों का इस्तेमाल भी होता है. साथ ही लिपस्टिक में कंपनी कई और चीजें भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती, अब आपके मन में ये सवाल आ रहा होगा कि आखिर लिपस्टिक बनाने का प्रोसेस क्या होता होगा ? तो चलिए ये भी जान लेते हैं. कैसे बनती है लिपस्टिक ? लिपस्टिक बनाने के लिए सबसे पहले पिगमेंट्स फिक्सिंग का काम किया जाता है. ये एक प्रकार के कलर होते हैं और इनको मिक्स करके अलग-अलग तरह के कलर और शेड्स बनाए जाते हैं. इन्हीं को इसके बाद तेल के साथ मिक्स किया जाता है और इस मिक्सिंग में तेल और पिगमेंट 2 अनुपात 1 में होते हैं. इसके बाद मॉल्डिंग की प्रक्रिया की होती है, जो एक स्पेसिफिक टेम्प्रेचर पर तैयार होता है और फिर इसे जल्दी से ठंडा किया जाता है. इस प्रक्रिया में इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि इस मिक्स में कहीं भी एयर न आए. ठंडा होने के बाद इस प्रोडक्ट को सांचों से निकाल कर इसकी स्टिक्स बनाई जाती हैं, फिर थोड़ा फिनिशिंग का काम करके इन्हें बाजार में बेचने के लिए भेज दिया जाता है. जानवरों का भी होता है इस्तेमाल लिपस्टिक बनाने के लिए पुराने समय से जानवर और इंसेक्ट के शरीर के अलग-अलग अंगों का इस्तेमाल होता आ रहा है. हालांकि पिछले कुछ समय से खाने के पदार्थों से लेकर कॉस्मेटिक प्रोडक्ट के भी वेगन होने पर जोर बढ़ा है. अब कुछ ब्रांड्स भी लोगों की डिमांड्स के हिसाब से वेगन कॉस्मेटिक बनाने लगे हैं, लेकिन अब भी कई मेकअप प्रॉडक्ट्स में जानवरों की खाल से लेकर उनके शरीर के दूसरे अंगों का इस्तेमाल हो रहा है.

# तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है

हिंदू धर्म में कई ऐसे पेड़-पौधों के बारे में बताया गया है, जो पूजनीय हैं और इन पौधों में देवी-देवताओं का वास होता है. इन्हीं में से एक है तुलसी का पौधा. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी का पौधा भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है. उन्हें भोग लगाते समय तुलसी का पत्ता जरूर शामिल किया जाता है. मान्यता है कि बिना तुलसी पत्र के भगवान विष्णु भोग स्वीकार नहीं करते. तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है. कहते हैं कि घर में तुलसी के पौधे को सही दिशा में रखा जाए, तो इससे धन लाभ के योग बनते हैं. ज्योतिष शास्त्र में तुलसी के पौधे से संबंधित कई उपायों के बारे में बताय गया है, जिन्हें करने पर जातक को शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं. जानें इन चमत्कारी उपायों के बारे में. घर में सुख-समृद्धि के वास के लिए तुलसी उपाय अगर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा पाना चाहते हैं और उन्हें प्रसन्न करना चाहते हैं, तो नियमित रूप से स्नाना के बाद तुलसी के पौधे के पास घी का दीपक जलाएं. ऐसी मान्यता है कि इससे भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी प्रसन्न होते हैं और धन में वृद्धि होती है. वहीं, अगर आपके



दांपत्य जीवन में किसी तरह की कोई समस्या आ रही है, तो पूजा के दौरान भगवान विष्णु को चंदन का तिलक लगाएं और मां लक्ष्मी के श्रृंगार की चीजें अर्पित करें. भोग में तुलसी दल का इस्तेमाल करें.

ऐसा करने से दांपत्य दीवन में खुशियां आएंगी. वहीं, अगर आप शनि दोष से परेशान हैं,तो उसे दूर करने के लिए मंदिर में तुलस की जड़ रखें और नियमित रूप से इसकी पूजा करें. ऐसा करने से कई दोषों से छुटकारा मिलता है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है. व्यापार और करियर में सफलता पाने के लिए नियमित रूप से शाम को तुलसी के पास घी का दीपक लगाएं. मान्यता है कि इस उपाय को करने से मनचाही जॉब मिलती है और व्यापार उन्नति के रास्ते खुलते हैं.

# हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉस्शन में अंतर



चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रचंड गर्मी की वजह से कई जगह लोगों की मौत की खबर भी सामने आ रही है। ऐसे में जरूरी है कि इस दौरान अपनी सेहत का खास ख्याल रखा जाए। गर्मियों के दिनों में अकसर कई बीमारियों लोगों का अपनी शिकार बना लेती हैं। हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉस्शन इन्हीं में से एक है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है, जिसकी सही जानकारी और समय पर इलाज न मिलने की वजह से जानलेवा नतीजे सामने आ सकते हैं। हालांकि, कई लोगों को अभी तक इन दोनों समस्याओं में बीच अंतर नहीं पता, जिसकी वजह से वह समय रहते इसकी पहचान नहीं कर पाते हैं, जो इलाज में देरी का कारण बनती है। ऐसे में गुरुग्राम के मैरिंगों एशिया हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन के सीनियर कंसलटेंट डॉ. एम के सिंह बता रहे हैं हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉस्शन के बीच अंतर और साथ ही जानेंगे इसके लक्षण और बचाव के तरीके- हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉस्शन में अंतर डॉक्टर बताते हैं कि हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉस्शन दोनों ही गर्मी से संबंधित गंभीर बीमारियां हैं, लेकिन उनकी गंभीरता, लक्षण और जरूरी इलाज अलग-अलग हैं। हीट एग्जॉस्शन हल्का रूप है, जिसमें भारी पसीना, कमजोरी, चक्कर आना, मतली और मांसपेशियों में ऐंठन होती है, जो अकसर लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहने या गर्म परिस्थितियों में शारीरिक परिश्रम करने के कारण होती है। अगर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह हीट स्ट्रोक में बदल सकता है, जो एक जानलेवा स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान 104एस्न या इससे अधिक, गर्म और ड्राई स्किन, भ्रम, दौरे और बेहोशी होना शामिल है। हीट एग्जॉस्शन में आमतौर पर भारी पसीना, कमजोरी, चक्कर आना, मतली, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन और ठंडी, नम त्वचा जैसे लक्षण नजर आते हैं। ऐसे में इसे रोकने के लिए, हाइड्रेटेड रहना, हल्के और ढीले-ढाले कपड़े पहनना, छायादार या ठंडे क्षेत्रों में आराम करना, दिन के सबसे गर्म समय के दौरान जोरदार गतिविधि से बचना और गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों के प्रति सचेत रहना जरूरी है। इसके विपरीत हीट स्ट्रोक में, गंभीर परिणामों या मौत से बचने के लिए तुरंत मेडिकल हेल्प की जरूरत होती है। इसके लिए अकसर कूलिंग टेक्नीक्स की मदद ली जाती है। हीट एग्जॉस्शन में जहां इलाज के तौर पर अकसर ठंडे स्थान पर बैठने और खूब पानी पीने की सलाह दी जाती है, तो वहीं हीट स्ट्रोक में व्यक्ति की स्थिति को स्थिर करने के लिए तुरंत मेडिकल हेल्प की जरूरत होती है। बात करें हीट स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में, तो हीट एग्जॉस्शन ही गंभीर हालातों में हीट स्ट्रोक में बदल सकता है। ऐसे में इससे बचने के लिए हीट एग्जॉस्शन के शुरुआती लक्षणों जैसे भारी पसीना और कमजोरी के प्रति सचेत रहें और अगर ये लक्षण दिखाई दें तो हीट स्ट्रोक को बढ़ने से रोकने के लिए तुरंत उपाय करें। अगर किसी में हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत मेडिकल हेल्प दें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए, खूब पानी पीकर हाइड्रेटेड रहें, हल्के और हवादार कपड़े पहनें, पीक हीट आवर यानी अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान जोरदार गतिविधियों से बचें, छायादार या ठंडे क्षेत्रों में बार-बार ब्रेक लें और शरीर ठंडा रखने के लिए पंखे या एयर कंडीशनिंग का उपयोग करें।

# पेट्रोल पंप का मैनेजर ही निकला मास्टरमाइंड, साथियों के साथ रची थी लूट की झूठी कहानी, सभी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। जिले के चिचोला चौकी क्षेत्र के तहत 27 मई को तेंदूनाला के पास पेट्रोल पंप के मैनेजर से 14 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पेट्रोल पंप का मैनेजर ही इस पूरी लूट की घटना का मास्टरमाइंड निकला जिसने अपने अन्य दो साथियों के साथ पूरी घटना को अंजाम दिया और पैसों के लालच में झूठी कहानी रची। इसने पूरे मामले में प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है और पेट्रोल पंप के मैनेजर समेत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी पेट्रोल पंप मैनेजर राजाराम बिश्नोई ने अपने अन्य दो साथी सुमित सिंह और शेख मोइनुद्दीन के साथ पेट्रोल पंप के कलेक्शन के रुपए को लूटने की योजना बनाई और आरोपी पेट्रोल पंप मैनेजर ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट पुलिस में लिखाई। जिसमें उसके द्वारा कहा गया कि अज्ञात कार सवारों द्वारा उसे लूट लिया गया उसके पास रखे 14 लाख रुपए की लूट अज्ञात कार सवारों द्वारा की गई जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जहां पुलिस ने पूरे मामले में खुलासा करते हुए आरोपी पेट्रोल पंप के मैनेजर को ही गिरफ्तार किया और उसके साथ दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तारी की गई। आरोपियों द्वारा पैसों के लालच में झूठी लूट की रिपोर्ट दिखाई गई और घटनाक्रम को अंजाम दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। आरोपी पेट्रोल पंप का मैनेजर राजाराम बिश्नोई ने अपने अन्य साथियों के साथ इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

मारुति पेट्रोल पंप घोरतलाव के मैनेजर राजाराम विश्नोई ने पूरे घटना क्रम का मास्टरमाइंड निकला उसने अपने अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया। मारुति पेट्रोल पंप में मैनेजर का काम करता था राजाराम ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर प्लान बनाया। लालच ने उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। आरोपियों ने मिलकर प्लान बनाया और झूठी लूट की घटना बनाई और खुद ही पैसे लेकर फरार हो गए वहीं पुलिस ने पूरे मामले में कड़ाई से पूछताछ की जिसमें पूरे लूट का मास्टरमाइंड पेट्रोल पंप का मैनेजर ही निकला।

# जिले में नहीं दिखेगा कोचिया नाम का प्राणी - डॉ. रमन सिंह

## अस्पताल की व्यवस्था पर भी नजर... दिक्कतें होगी दूर, 'दावा' की खबर का असर



राजनांदगांव (दावा)। दैनिक दावा ने 26 मई रविवार के अंक में मेडिकल कालेज से काम छोड़ कर भाग रहे है शीर्षक से प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया था। इसके पहले 17 मई को क्षेत्रीय विद्यायक व छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के व्यक्तव्य कोचिया राज सक्रिय रहा तो आबकारी अफसरों पर गिरेगी गाज... शीर्षक से संबंधित समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बाद में आबकारी विभाग के एक अधिकारी द्वारा प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन लेने संबंधी वीडियो वायरल होने पर समाचार को प्रमुखता से स्थान दिया था। उक्त खबर के चलते क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को आए अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कहा कि अवैध शराब पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और वे इस सम्बंध में कह सकते है कि राजनांदगांव जिले में कोचिया नाम का प्राणी दिखाई नहीं देगा। डाक्टर साब ने मैडिकल कालेज की दिक्कतों को भी शीघ्र ही दूर कर लिए जाने की बात कही है।

बता दे कि डॉ. रमन सिंह अपने निवास कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनों से मुलाकात के दौरान पत्रकारों से भी चर्चा की और जिले के आबकारी विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक द्वारा शराब कोचियों से प्रति पेटी 200 रूपए कमीशन लेने के आरोप के सम्बंध में कहाकि राजनांदगांव में अब कोचिया नाम का प्राणी नहीं दिखेगा। इसके लिए उन्होंने पुलिस को सख्ती के साथ निर्देश दिए है। जो कार्रवाई के रूप में दिखाई दे रहा है और आगे भी दिखेगा।

### हास्पिटल की दिक्कतें होगी दूर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री से लगातार चिकित्सकों के इस्तीफे व काम छोड़-छोड़ कर जाने का मामले को लेकर कहा कि राजनांदगांव में दिक्कते काफी दिनों से है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दूसरे मेडिकल कालेज में जो डाक्टर को पे मिलता है। उसके तुलना में राजनांदगांव में पे कम मिलने की वजह से ऐसी गतिविधयां हो रही है। उन्होंने इसे ठीक कर लेने की बात कही गतिविधियां हो रही है। उन्होंने इसे ठीक कर लेने की बात कही।

जानने में आ रहा है कि मेडिकल कालेज की दिक्कतें की निवारण के लिए संभवतः 11 जून को बैठक होने वाली है। मेडिकल बोर्ड के डायरेक्टर व सचिव सहित डीन व अधीक्षक बैठक कर इस समस्या को दूर करेंगी। आचार संहिता के कारण इसका लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है।

# बाजार में लीची की बहार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाजार में इन दिनों गर्मी का दुश्मन लीची फल की बहार देखी जा रही है। भीषण गर्मी से जूझते लोगों के बीच गर्मी के दुश्मन कहे जाने वाले शीतल, ठंडाई सी लगने वाले फल की ज्यादा मांग बनी हुई है व ज्यादा दाम होने के बावजूद खरीदारी भी कर रहे हैं।

बाजार में इन दिनों यह फल 220 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। बता दें कि गर्मी के दिनों में इस फल का सेवन काफी सुकुन देने वाला है। पानी में भिगो कर रखने से इसका सेवन काफी शीतलकारी व हृदय को आनंद पहुंचाने वाला साबित होता है। बाजार में अभी इसकी नई आवक होने के चलते इसके दाम मे वृद्धि देखी जा रही है।

बाद में ज्यादा आवक होने से इसके दाम में थोड़ी कमी आ सकती है। फिलहाल जैसे- जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है लोगों को फलों का राजा आम सहित ककड़ी तरबूज खरबूजा आदि फलों सहित लीची फल काफी पसंद आ रहे है।

# पूर्व लोकेशन ऑफिसर के खिलाफ एक बार फिर लामबंद हुए वाइन शॉप सुपरवाइजर, एसपी को लिखी शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों कुर्सी हथियाने के लिए आबकारी विभाग को अखाड़ा बना दिया गया है। लगातार फर्जी शिकायत कर वर्तमान में पदस्थ अधिकारियों की छवि धूमिल की जा रही है। हाल ही में आबकारी महिला उप निरीक्षक के खिलाफ सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर संगीन आरोप लगाए जा रहे हैं। बिना कोई पड़ताल के यह समाचार तमाम बड़े अखबारों की सुर्खियां बन चुकी है। यह सभी गतिविधियां पूर्व नियोजित है। जिसे पर्दे के पीछे से एक ही शख्स अंजाम दे रहा है, वो है अमित मिश्रा। जी हां प्लेसमेंट कंपनी का पूर्व लोकेशन ऑफिसर। जिसकी अब राजनांदगांव से छुट्टी कर दी गई है। अपने कार्यकाल के दौरान शराब के अवैध कारोबार की थोक शिकायतों से घिरे रहे अमित मिश्रा का लिंक महिला उप निरीक्षक मामले से तब जुड़ा जब वाइन शॉप के सुपरवाइजर लामबंद हुए।

सोमवार को वाइन शॉप सुपरवाइजर शिकायत करने एसपी ऑफिस पहुंचे, यहां उन्होंने एएसपी राहुल देव शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सुपरवाइजर गजेंद्र सिंह राजपूत धर्मेंद्र साहू, कैलाश कुमार, विनोद डोंगरे, नंदू कुमार, राजू पड़ोती, प्रेमलाल, परमानंद साहू, धनपत, पिंटू कुमार सहित अन्य ने बताया कि

**बोले-कुर्सी हथियाने आबकारी विभाग को बनाया अखाड़ा, इसलिए महिला उप निरीक्षक को झूठे केस में फंसाने अमित मिश्रा ने रची साजिश**



हाल ही में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो जिसे आबकारी महिला उपनिरीक्षक का बताया जा रहा है, यह बिल्कुल गलत है। वायरल वीडियो में जो आवाज सुनाई दे रही है वह महिला अधिकारी की नहीं है उसे डबिंग किया गया है और यह साजिश महिला अधिकारी को बदनाम करने के लिए पूर्व लोकेशन ऑफिसर अमित मिश्रा ने ही की है। अमित मिश्रा आबकारी विभाग में वर्तमान में पदस्थ अधिकारियों की छवि धूमिल करना चाहता है, ताकि उनके हटते ही वह दोबारा राजनांदगांव में पैर जमा सके। सुपरवाइजर ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है जिस पर से पुलिस अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सुपरवाइजर ने पुलिस अधिकारी और मीडिया को बताया कि पूर्व के वर्षों में लोकेशन ऑफिसर अमित मिश्रा वाइन शॉप में काम करने वाले प्लेसमेंट कंपनी के कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अवैध रूप से कोचियों को शराब बिकवाता था। अवैध कार्य करने से मनाही करने पर अमित मिश्रा कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और जान से मारने की धमकी देता था। बात नहीं मानने पर कई कर्मचारियों को उसने निकाल भी दिया था। यहां तक कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह अवैध वसूली का कार्य करता था, जो कर्मचारी मंथली पेमेंट से नहीं देता था उसे कार्य से पृथक करके नए कर्मचारी नियुक्त कर अस्सी से नब्बे हजार रुपए लेता था। कुछ दिन काम में रखने के बाद आरोप लगाकर रखे गए कर्मचारी को पृथक किया जाकर नौकरी में रखने के लिए नए कर्मचारियों का तलाश करता था। उक्त कर्मचारियों को वर्तमान में ओव्हर रेट में मदिरा बेचने के लिए तथा कोचियों को मदिरा देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस दौरान वर्तमान में कार्यरत सुपरवाईजर अमित मिश्रा का बात नहीं माने तो उसे देख लेने की धमकी देता है। अमित मिश्रा इन्हीं ईमानदार सुपरवाईजर को बदनाम करने तथा अपने अंगुली में नचाना चाहता था, लेकिन सुपरवाईजर अमित मिश्रा का मानने से इंकार किया और साहस दिखाकर लिखित में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।

सुपरवाइजर ने बताया कि सहायक आयुक्त के आने के बाद से अवैध कार्य पर प्रतिबंध लग चुका है। साथ ही अवैध कार्य को पोषित करने वाले अमित मिश्रा की छुट्टी कर दी गई है। वर्तमान में सभी शराब दुकानों के सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त कर दिया गया है। एकाएक अवैध कारोबार बंद होने से अमित मिश्रा बौखला गया है और अधिकारियों को हटाने के लिए फर्जी शिकायत और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के साथ ही समाचार पत्रों में बेबुनियाद न्यूज का प्रकाशन करवा रहा है। सुपरवाइजर ने अमित मिश्रा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# उपाध्यक्ष वर्मा के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों ने लगाया अविश्वास प्रस्ताव

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में सत्तासीन कांग्रेस के समर्थक पार्षदों का कांग्रेस से मोहभंग हो गया है। कांग्रेस का समर्थन करने वाले दो निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस की सरकार बदलते ही भाजपा का दामन थाम लिया है। कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का समर्थन करने वाले नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के खिलाफ कांग्रेस के 9 में से 7 पार्षदों ने अविश्वास व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव के लिए ज्ञापन दिया है।

जिला कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में कांग्रेस पार्षदों ने पालिका उपाध्यक्ष श्री वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा द्वारा जनहित के कार्यों की लगातार उपेक्षा की जाती है। उमा महेश वर्मा के विरोध के कारण नगर के प्रगति के कई कार्य लंबित हुए है। साथ ही पी.आई.सी. में पास होने वाले नगरवासियों के कई कार्यों पर इन्होंने विरोध अंकित कर कार्य होने से रोका है। इनके स्वार्थ सिद्धि हेतु किये गये दल-बदल की प्रक्रिया से समस्त परिषद क्षुब्ध है। अतः पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा पर हमे विश्वास नहीं है, इनका उपाध्यक्ष पद पर बने रहना नगर के हित के लिए उचित नहीं है।

**कांग्रेस के 9 में से 7 पार्षदों ने ज्ञापन में किए हस्ताक्षर कांग्रेस स्पष्ट रूप से अल्पमत में दिखाई पड़ रही है**



9 में से 7 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर नगर पालिका में कांग्रेस के 10 पार्षद निर्वाचित हुए थे। जिसमें से एक पार्षद बलदेव यादव का निधन हो जाने से उनकी संख्या 9 रह गई है। 9 में से 7 पार्षदों में पालिका उपाध्यक्ष श्री वर्मा के खिलाफ अविश्वास जताते हुए नापन में हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर करने वालों में पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पार्षद कृष्णा लिल्हारे, मनोज साहू, श्रीमती दीपाली भंडारी, श्रीमती हेमलता शिव निषाद, राधे कृष्णा कनौजिया शामिल है। हस्ताक्षर नहीं करने वाले पार्षदों में रिकू यादव एवं श्रीमती जया आशीष सिंह शामिल है। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि वे उक्त अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकृत कर, यथाशीघ्र सम्मेलिन आहूत कर अविश्वास प्रस्ताव हेतु तिथि निर्धारित करें।

### भ्रष्टाचार में लिप्त अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचा ले- उपाध्यक्ष वर्मा

हर स्तर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले नगर पालिका अध्यक्ष को पद से हटाने जनता की भावना के अनुरूप भाजपा के पार्षदों ने बीड़ा उठाया है। स्पष्ट रूप से अल्पमत में आ गए नगर पालिका अध्यक्ष को अपनी कुर्सी बचाने की चिंता करनी चाहिए। श्री वर्मा ने आगे कहा कि, शहर की जनता जानती है, कौन भ्रष्टाचारी है और कौन जनसेवक।

# अनियंत्रित ट्रक ने युवक को ठोका, परिवार हुआ बेसहारा



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी विष्णु पटेल उम्र 30 वर्ष राजनांदगांव से रात 10 बजे अछोली घर के लिए आ रहा था की मुसरा पंचायत के अंतर्गत ग्राम भानपुरी के पास 407 माजदा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 0844 जो की डोंगरगढ़ की ओर से तेज रफ्तार से लहराते हुए आ रही थी जिसे देख बाइक चालक विष्णु पटेल ने अपनी गाड़ी को रोड के नीचे उतार दिया, उसके बाद भी अनियंत्रित ट्रक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक के सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आने एवं सर का नस फट जाने के कारण, नाक एवं मुंह से लगातार खून की उल्टी होने लगी, एक्सीडेंट को देख पास में ही फ्लैट नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित था वहां उपस्थित भीड़ तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक को उठाया युवक ने ग्राम अछोली के सरपंच प्रतिनिधि टूमेश पटेल का नंबर बताते हुए कहा कि मैं ग्राम अछोली का हूं मेरे घर वालों को खबर कर दो इतना कह कर बेहोश हो गया, तत्पश्चात ग्राम मुसरा सरपंच ने युवक को जिला चिकित्सालय पेंड्री में भर्ती करते हुए घर वालों को सूचित किया वहीं एक्सीडेंट करने के पश्चात भाग रहे ट्रक ड्राइवर को ग्रामीणों ने पीछा किया जिसे देख ट्रक ड्राइवर ने ठेलकाडीह के पास ट्रक को खड़ा कर भाग गया।

सूचना मिलते ही ठेलकाडीह पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वही मृत युवक विष्णु पटेल, रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था जिसके एक 8 महीने की लड़का एवं 4 साल की लड़की है किंतु अपने परिवार का एकमात्र सहारा रहे विष्णु पटेल के मृत्यु के पश्चात् परिवार का भरण पोषण का समस्या उत्पन्न हो चुकी है।






# मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को किया गया पैदल क्षेत्र घोषित

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत जिले में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने मतगणना तिथि को मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया है। इस क्षेत्र के अंदर निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगे वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

# मरीज साक्षी बंजारे को ब्लड कैंसर के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किए 18 लाख रूपये

राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत खैरागढ़ तहसील के ग्राम विचारपुर के निवासी टोमन लाल बंजारे की 13 वर्षीय पुत्री कु. साक्षी बंजारे विगत कुछ सालों से ब्लड कैंसर की गंभीर बिमारी से जूझ रही है। टोमन बंजारे एक साधारण परिस्थिति के श्रमिक एवं किसान है जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हैं और किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अपने 6 सदस्यीय परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। अपनी 13 वर्षीय मासूम पुत्री कु. साक्षी बंजारे को ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का पता चलते ही, पिता ने अपनी पुत्री साक्षी को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती किया, जहां से बाद में मरीज को इलाज हेतु मित्तल हॉस्पिटल भिलाई, जिला दुर्ग में भर्ती किया गया।

निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले भारीभरकम खर्च को वहन करने में असक्षम मरीज के पिता टोमन लाल बंजारे ने पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से समक्ष भेंट कर अपनी व्यथा से अवगत कराया और अपनी पुत्री के इलाज हेतु मदद की गुहार लगाई। भाजपा नेता मधुसूदन यादव ने इस प्रकरण की गंभीरता को भॉपते हुए तुरंत मरीज को मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत फार्म भरवाकर एवं प्रस्ताव तैयार करवाकर, स्वीकृति हेतु राज्य नोडल एजेन्सी को भिजवाया और इस प्रकरण में तत्काल राशि स्वीकृति हेतु छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अनुरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन में भी इस प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री को मरीज के उपचार हेतु तत्काल राशि जारी करने हेतु अनुशंसा पत्र भेजा। अंततः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी मरीज साक्षी बंजारे के प्रकरण में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए तत्काल



**डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जारी किया स्वीकृति आदेश**

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से विभागीय पत्र क्रमांक 151, दिनांक 10 मई 2024 के द्वारा मित्तल हॉस्पिटल भिलाई के पक्ष में 18 लाख रूपये की राशि का स्वीकृति आदेश मरीज के इलाज हेतु जारी किया गया।

आज उक्त स्वीकृति आदेश नियमों को शिथिल करते हुए, इलाज हेतु मित्तल अस्पताल भिलाई से प्राप्त एस्टिमेट के आधार पर 18 लाख रू. की स्वीकृत प्रदान की और स्वीकृति के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय से डॉ. रमन एवं मधुसूदन यादव को सूचना दी गई। इधर सीएम के निर्देश पर कार्यालय राज्य नोडल एजेन्सी, की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हॉथों से साक्षी के पिता टोमन लाल बंजारे को सौंपते हुए उसे राशि स्वीकृति के संबंध में खुशखबरी दी। अपने पुत्री के इलाज हेतु राज्य शासन से इतनी बड़ी आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर पिता टोमन लाल ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को बारम्बार धन्यवाद देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के प्रयासों से कु. साक्षी बंजारे को ब्लड कैंसर के इलाज हेतु 6 लाख रू. की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके बाद से साक्षी को उपचार हेतु लगातार मदद मुहैया कराई जा रही है और मरीज की तबियत में निरंतर सुधार हो रहा है।


**आवश्यकता है**

श्री राधाकृष्ण गौधाम( गौशाला) ग्राम बाकल स्टेशन खपरी रोड में कृषि एवम गौ सेवा कार्य हेतु एक परिवार की आवश्यकता है।
जिला राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़, मोहला मानपुर एवं दुर्ग के इच्छुक ग्रामवासी संपर्क करें।
अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है।
आकर्षक वेतन, रहने की सुविधा सहित।
77709-11055

**BPS PARENTS' PRIDE ENGLISH MEDIUM SCHOOL, DONGARGAON**

**REQUIREMENT**

Applications are invited from young, dynamic and eligible candidates in various post of session 2024-25 to teach indifferent Classes (PRT, TGT & PGT)

| Subjects/ Post | Qualification |
| --- | --- |
| Principal, HM, English, Mathematics, Science & All Subject Teacher's | Post Graduation, B.Ed. 4 year experience |
| | Graduation, B.Ed./ D.Ed. |

Those candidate are interested so please submit your Bio-data along with 2 Passport Photo.
Last date for submitting bio-data- 30 May 2024

**ADMISSION OPEN 2024-25 From Nursery to Class 10th**

Contact Number : 8109422436, 6261897080
Whats App Number : 8964927843, 9907431576


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com